दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 130 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार, 15 मार्च 2026 । चैत्र, कृष्ण पक्ष एकादशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# कांग्रेस ने असम के युवाओं को गुमराह किया, उन्हें आतंकवाद के रास्ते पर धकेला : पीएम मोदी



बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी ( एजेंसी )।** पीएम मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन सिलचर में कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के युवाओं को गुमराह किया। उन्हें हिंसा और आतंकवाद के रास्ते पर धकेला। लेकिन आज यह राज्य अवसरों का सागर है। पीएम ने बताया कि कांग्रेस ने असम को 'फूट डालो-राज करो' नीति में रखा। आज असम खुला आसमान है। असम भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर का अहम हिस्सा बन रहा है। राज्य ने सरकारी नौकरियों के रास्ते खोले हैं। पीएम अपनी स्पीच में कहा कि कांग्रेस ने नॉर्थ ईस्ट को भुला दिया था, लेकिन बीजेपी की डबल इंजन की सरकार ने इसे ऐसे कनेक्ट किया जिसकी हर जगह चर्चा है। नॉर्थ ईस्ट आज दक्षिण एशिया जोड़ने वाला सेतु बन रहा है। इसके पहले मोदी ने सिलचर में 23,550 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सिचलर को बराक घाटी का गेटवे है। लेकिन कांग्रेस ने नॉर्थ ईस्ट को दिल्ली से और दिल से दूर रखा था।

## दो दिन में असम को मिले 47,600 करोड़ के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स

पीएम मोदी ने असम में 47,600 करोड़ के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया। दौरे के पहले दिन 13 मार्च को गुवाहाटी में पीएम ने 24,250 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया था। दूसरे दिन 14 मार्च को सिलचर में नॉर्थ-ईस्ट के पहले ग्रीनफील्ड 4-लेन हाई-स्पीड शिलॉन्ग-सिलचर कॉरिडोर और असम माला 3.0 परियोजना सहित कई योजनाओं की नींव रखी। इन प्रोजेक्ट्स की लागत 23,550 करोड़ है।




## सिलचर में मोदी के कांग्रेस पर लगाए 5 आरोप

- 10 साल के अंदर हमने यहां के किसानों की जेब में सीधे 20,000 करोड़ डाले हैं। कांग्रेस के 10 साल के शासन के दौरान, भले ही प्रधानमंत्री असम से चुने गए थे, लेकिन उन्होंने एक पैसा भी नहीं दिया।
- जब दुनिया युद्धों का सामना कर रही है। हमारी कोशिश है कि देश के लोगों पर असर कम कर सकें। लेकिन कांग्रेस ज़िम्मेदार राजनीतिक दल न बनकर लोगों के बीच घबराहट फैलाने की कोशिश कर रही है।
- कांग्रेस के पास असम और देश के लिए कोई विजन नहीं है, वे तो बस मोदी को गाली देना, अफवाहें फैलाना और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं।
- कांग्रेस ने बराक घाटी को कमजोर करने में भी बड़ी भूमिका निभाई। जब भारत आजाद हुआ, तो कांग्रेस ने सीमा-निर्धारण इस तरह होने दिया कि बराक घाटी का समुद्र तक पहुंचने का रास्ता कट गया।
- बीजेपी का मंत्र विकास की दौड़ में पीछे रह गए लोगों को प्राथमिकता देना है। जहां कांग्रेस की सोच खत्म होती है, वहां से हम काम करना शुरू करते हैं।

## पीएम का आरोप- कांग्रेस देश को बदनाम करने में लगी है

यहां नेक्स्ट जनरेशन टेक्नॉलजी का हब बन रहा है। मेडिकल कॉलेज, एम्स का सशक्त नेटवर्क बन रहा है। अब ऐसी हर ताकत को मुंहतोड़ जवाब देना है जो असम को पुराने दौर में ढकेलने की कोशिश करती है। मोदी ने कहा- मैं सिलचर को सावधान करता हूं, देश का हर राज्य कांग्रेस को सबक सिखा रहा है। कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। सिलचर ने कांग्रेस को असम से बाहर निकाला है। कांग्रेस खुद के इतिहास की सेंचुरी बनाने वाली है। कांग्रेस के नेता देश को बदनाम करने में लगी है। दिल्ली में इतनी बड़ी एआई समिट सफलता पूर्वक पूरी हुई, दुनियाभर के नेता, टेक्नोलॉजी कंपनी के लीडर दिल्ली आए थे। कांग्रेस ने इसे बदनाम के लिए कपड़ा फाड़ प्रदर्शन किया।

## पीएम ने कहा- कांग्रेस ने झूठी रील बनाने की इंडस्ट्री खोली, युवा सतर्क रहें

कांग्रेस मोदी को भर-भर के गाली दे। कांग्रेस का देश के लिए कोई विजन नहीं है। इन्होंने झूठी रील बनाने की इंडस्ट्री खोली हुई है। दुनिया भारत के तेज विकास को नहीं पचा पा रही है। कांग्रेस विदेश ताकतों के हाथ की कठपुलती रहेगी। असम के हर नागरिक को, हर नौजवान को कांग्रेस से सर्तक रहना है। अमस, बराक वैली विकास के पथ पर आगे बढ़ चुके हैं। वह दिन दूर नहीं, जब बराक वैली को विकास के नए सेंटर के रूप में पहचान मिलेगी।

## मोदी बोले- कांग्रेस की कोशिश पेनिक क्रिएट हो और देश मुश्किल में फंसे

मोदी ने अपने संबोधन में कहा- पूरे देश ने कांग्रेस के इस कपड़ा फाड़ भद्दे प्रदर्शन की बुराई की। दिल्ली का परिवार इसे अपना मेडल मान रहा है। दुनिया में चारों तरफ, हमारे पड़ोस में युद्ध के हालात हैं। इसके कारण बनी स्थितियों से निपटने के लिए हमारे देश के नागरिकों के लिए कम से कम मुसीबतें आए, सरकार उसके लिए प्रयास कर रही हैं। इस समय कांग्रेस से उम्मीद थी कि वह जिम्मेदार रानजीतिक दल की भूमिका निभाए, लेकिन वह एक बार फिर फेल हो गई। कांग्रेस कोशिश में है कि देश में पेनिक क्रिएट हो और देश मुश्किल में फंस जाए।

# हवाई सफर हुआ महंगा, इंडिगो ने बढ़ाया फ्यूल चार्ज

### मिडिल ईस्ट तनाव का असर, 14 मार्च से घरेलू-अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स महंगी, आधी रात से नई रेट लागू




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट टिकटों पर नया फ्यूल चार्ज लागू किया है। देश की बड़ी एयरलाइन कंपनियों में से एक इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को झटका देते हुए यह घोषणा की। 14 मार्च की रात 12:01 बजे से होने वाली नई बुकिंग पर यह अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। एयरलाइन के अनुसार- वैश्विक स्तर पर ईंधन कीमतों में तेज बढ़ोतरी और खासतौर पर मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण एविएशन फ्यूल महंगा हुआ है। इसी वजह से कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर अलग-अलग श्रेणियों में फ्यूल चार्ज लगाने का निर्णय लिया है। घरेलू उड़ानों पर यात्रियों को अब अधिकतम 425 रुपए तक अतिरिक्त फ्यूल चार्ज देना होगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यह शुल्क दूरी और रूट के अनुसार अलग-अलग तय किया गया है।

## मिडिल ईस्ट रूट की उड़ानों पर 900 रुपए तक चार्ज

मिडिल ईस्ट रूट की उड़ानों पर लगभग 900 रुपए तक अतिरिक्त फ्यूल चार्ज लगाया जाएगा। इसके अलावा साउथ-ईस्ट एशिया और चीन रूट की फ्लाइट्स पर 1800 रुपए तक का अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। अफ्रीका रूट पर भी 1800 रुपए का फ्यूल चार्ज लागू किया गया है। सबसे ज्यादा असर यूरोप जाने वाली उड़ानों पर पड़ेगा, जहां यात्रियों को टिकट बुक करते समय 2300 रुपए तक अतिरिक्त फ्यूल चार्ज देना पड़ सकता है।

# एलपीजी ला रहे 2 भारतीय जहाजों ने होर्मुज पार किया

### ईरान ने गुजरने की इजाजत दी थी, 2-3 दिन में भारत पहुंचेंगे

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान ( एजेंसी )।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का शनिवार को15वां दिन था। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर गए हैं। ईरान ने एक दिन पहले इन जहाजों को गुजरने की अनुमति दी थी और अब ये भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ रहे हैं।

शिपिंग जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के मुताबिक भारतीय झंडे वाले एलपीजी कैरियर शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार होर्मुज स्ट्रेट पार किया। दोनों जहाज कुल 92,700 टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों जहाज गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर जा रहे हैं और इनके अगले 2-3 दिनों में भारत पहुंचने की संभावना है। ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो मिडिल-ईस्ट में जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में फंस गए थे।

इससे पहले भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान ने कई भारतीय जहाजों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दी है, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कुल कितने जहाजों को अनुमति दी गई।




## अमेरिका बोला- खार्ग आइलैंड पर 90 ईरानी सैन्य ठिकाने नष्ट

अमेरिका ने दावा किया है कि उसकी सेना ने ईरान के खार्ग आइलैंड पर बड़े पैमाने पर सटीक हमले किए, जिनमें 90 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार हमले में तेल से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचाया गया। CENTCOM ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर जारी बयान में कहा कि हमले में नौसैनिक माइंस के भंडारण केंद्र, मिसाइल स्टोरेज बंकर और कई अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना ने इसे लार्ज-स्केल प्रिसिजन स्ट्राइक बताया। इससे पहले एक ईरानी अधिकारी ने कहा था कि खार्ग आइलैंड से तेल निर्यात बिना किसी रुकावट के जारी है और वहां तेल कंपनियों की गतिविधियां सामान्य रूप से चल रही हैं।

# बीकानेर हाउस में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राजस्थान उत्सव का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

### 15 से 25 मार्च तक चलने वाले राजस्थान उत्सव में मिलेगी राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत की झलक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गत वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर राजस्थान दिवस मनाने की शुरूआत की गई। इसी क्रम में इस बार भी राज्य सरकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों के माध्यम से भव्य राजस्थान दिवस मनाने जा रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार द्वारा नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 15 मार्च से 25 मार्च तक राजस्थान उत्सव 2026 के रूप में फूड एवं क्राफ्ट मेले/उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा बीकानेर हाउस प्रांगण में 15 मार्च 2026 को सायं 7:00 बजे किया जाएगा। राजधानी में राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान के प्रमुख केंद्र बीकानेर हाउस में आयोजित यह उत्सव प्रदेश की जीवंत लोक परंपराओं, कला, संस्कृति और पारंपरिक खान-पान की अनूठी झलक प्रस्तुत करेगा।

# एआई वकील के दिमाग की जगह नहीं ले सकता

### सुप्रीम कोर्ट के जज बोले-एआई समय बचाने में मददगार, लेकिन अनुशासित फैसले लेने के काबिल नहीं

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि एआई वकील के प्रशिक्षित दिमाग और जज की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई समय बचा सकता है और कानूनी काम के कुछ पहलुओं को ज्यादा आसान बना सकता है।

जस्टिस विक्रम तेलंगाना में एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस नाथ ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी किसी नोट का ड्राफ्टा बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

उन्होंने कहा कि एआई के गलत इस्तेमाल की वजह से



न्यायिक व्यवस्था को इस हद तक नहीं जाना चाहिए कि वह इससे पूरी तरह से दूरी बना ले। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि एआई महज एक टूल है, और एक टूल को टूल ही रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज, सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य जज, जस्टिस अपारेष कुमार सिंह ने भी बात रखी।




# मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों को दी पीपीई किट

### पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चेक बांटे, झाड़ू लगाकर अल्बर्ट हॉल से दिया स्वच्छता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के अल्बर्ट हॉल म्यूजियम से शनिवार को प्रदेशव्यापी स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने का आह्वान किया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सफाईकर्मी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नगर निगम के सफाईकर्मियों को पीपीई किट बांट कर कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है, जब समाज का हर वर्ग इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए। कार्यक्रम के दौरान रेहड़ी-पटरी और छोटे कारोबारियों को आर्थिक सहायता देने वाली प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत लाभार्थियों को चेक भी बांटे गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना छोटे व्यापारियों को आर्थिक मजबूती देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों को स्वच्छता के लिए नागरिक कर्तव्य की शपथ भी दिलाई।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति अपने घर, गली और आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने का संकल्प ले तो प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।



### विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में मिली सफलता

# इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा तन्मय दरक ने रचा कीर्तिमान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** यह साबित करते हुए कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, उदयपुर के प्रतिभाशाली छात्र तन्मय दरक ने अपनी अद्भुत मानसिक क्षमता और एकाग्रता का परिचय देते हुए एक अनोखी उपलब्धि हासिल की है। तन्मय ने अपनी विशेष प्रतिभा के दम पर रिकॉर्ड बनाकर इण्डिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज कराकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

ब्लाइंडफोल्ड एक्टिविटी में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन-तन्मय दरक ने ब्लाइंडफोल्ड एक्टिविटी (आंखों पर पट्टी बांधकर) के माध्यम से शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 7 मिनट में 76 ऐतिहासिक स्मारकों और लैंडमार्क्स की पहचान कर उनके नाम बताएं। यह पहचान फ्लैश कार्ड्स पर दिखाई गई तस्वीरों के माध्यम से की गई। उस समय तन्मय की आयु 11 वर्ष 7 माह 5 दिन थी। इस उपलब्धि की पुष्टि 12 फरवरी 2026 को की गई।



विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में मिली सफलता-इस उपलब्धि के पीछे क्रिएंजा की संस्थापक डॉ. पश्मीना जैन का प्रेरणादायी मार्गदर्शन रहा। उनके द्वारा दिए गए वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण ने तन्मय दरक की मानसिक क्षमता, एकाग्रता और स्मरण शक्ति को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही ए ब्रेन कोच जयपुर के प्रशिक्षक प्रवीण पारीक एवं निशा पारीक द्वारा दिए गए विशेष सेंसरी एनहांसमेंट प्रशिक्षण और नियमित अभ्यास ने इस उपलब्धि को संभव बनाने में अहम योगदान दिया।

तन्मय के पिता सत्येंद्र दरक और माता नेहा दरक ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, सकारात्मक वातावरण और नियमित अभ्यास से बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारा जा सकता है।

यह उपलब्धि न केवल उदयपुर बल्कि पूरे राजस्थान के लिए गर्व की बात है। संस्था ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में तन्मय दरक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे।

### साफा-शाल व अभिनंदन पत्र भेंट कर जताया आभार

# आठ माह में अपराधियों पर कसा शिकंजा, जनता को दिया सुरक्षा का भरोसा



बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने वाले झुंझुनूं जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय को जांगिड़ समाज ने भावभीना सम्मान दिया। जांगिड़ समाज विकास समिति जिला झुंझुनूं के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एसपी उपाध्याय को साफा पहनाकर, शाल ओढ़ाकर तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि मात्र आठ माह के कार्यकाल में एसपी उपाध्याय ने झुंझुनूं जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आम नागरिकों को भयमुक्त वातावरण देने का प्रयास किया। जिले में हुई गैंगवार की घटनाओं को उन्होंने चुनौती के रूप में स्वीकार किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि एसपी उपाध्याय की कार्यशैली का सबसे बड़ा पहलू यह रहा कि उन्होंने आमजन की समस्याओं की खुलकर सुनवाई की और बिना किसी भेदभाव के त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। यही कारण रहा कि आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा और अपराधियों में पुलिस का खौफ पैदा हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी कहा कि इतने कम समय में जिले में प्रभावशाली प्रशासनिक छाप छोड़ने वाले अधिकारी का स्थानांतरण होने से आमजन में मायूसी का माहौल है। लोगों का कहना था कि उनके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने जनता के बीच भरोसे का माहौल कायम किया। इस अवसर पर जांगिड़ समाज विकास समिति जिला झुंझुनूं के अध्यक्ष श्रवण कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने एसपी उपाध्याय का भव्य स्वागत किया।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर श्री देवेंद्र धाम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर श्री देवेंद्र धाम ट्रस्ट एवं राजकीय आयुर्वेदिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 15 मार्च 2026 को प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक श्री देवेंद्र धाम प्रांगण में आयोजित होगा।

ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रजनी डांगी ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आमजन को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही एक्यूपंक्चर थेरेपी, योग थेरेपी एवं कपिंग थेरेपी जैसी सेवाओं का लाभ भी उपस्थित जन ले सकेंगे। मौसमी बीमारियों से बचाव के उद्देश्य से काढ़ा वितरण भी किया जाएगा। साथ ही शिविर में ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि यह सभी सेवाएं राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय, उदयपुर के सहयोग से उपलब्ध करवाई जाएंगी। ट्रस्ट द्वारा आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

### ऑल इंडिया ओर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

# ऑनलाइन फार्मेसी के माध्यम से हो रही अवैध दवा बिक्री जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर होगा विचार-विमर्श

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** राजस्थान केमिस्ट एलाइंस के तत्वावधान में ऑल इंडिया ओर्गेनाईजेशन केमिस्ट डीलर्स की एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक कल से होटल मेरियट में आयोजित होगी। जिसमें देशभर से 300 प्रतिनिधि भाग ले रहे है।

उपरोक्त सन्दर्भ में जानकारी देते हुए राजस्थान केमिस्ट एलायंस के अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया ओर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट के उपाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में फार्मास्युटिकल व्यापार से जुड़े राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में ऑल इंडिया ओर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट के अध्यक्ष जे.एस. सिन्धे,महासचिव राजीव सिंघल और आयोजन सचिव संदीप नांगिया भी भग ले रहे है।

एक दिवसीय बैठक में विशेष रूप से फार्मास्युटिकल उद्योग के डिजिटलीकरण, व्यापार को अधिक पारदर्शी व संगठित बनाने तथा ऑनलाइन फार्मेसी के माध्यम से हो रही अवैध दवा बिक्री जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह आयोजन राजस्थान केमिस्ट एलाइंस द्वारा फार्मास्युटिकल उद्योग एवं केमिस्ट समुदाय के हित, एकता और कल्याण को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।




उन्होंने दावा किया कि आज भी बाजारों में 40 प्रतिशत दवाएं ऐसी है जो या तो डुप्लिकेट है या फिर नकली है। उन्होंने कहा कि अभी भी बाजार में सौ से ज्यादा प्रोडक्ट नकली या डुप्लिकेट बाजार में बिक रहे हैं। उन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। ऐसी दवाएं देश के अलग- अलग राज्यों में बन रही है और बिक रही है, जो कि जन स्वास्थ्य के साथ में खिलवाड़ है। इनसे हमें भारी नुकसान हो रहा है।

ऑल इंडिया ओरगेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट के साढ़े बारह लाख मेम्बर हैं। इनके परिवारों को भी साथ जोड़ लिया जाए तो इससे लगभग 5 करोड़ लोगों का भरण पोषण होता है। इसके साथ ही दस लाख फार्मेसिस्ट हैं लेकिन ऑनलाईन सेल मेडिसिन के करण हमें लगातार घाटे का सामना करना पड़ रहा है और हमारे व्यवसाय पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है। जबकि हकीकत में ऑन लाईन सेल मेडिसिन पूर्णतया अवैध और गैर कानूनी है। इसके बावजूद विदेशी कम्पनियां इस व्यापार को हमारे देश में कर रही है। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि जो हमारा मुनाफा तय किया हुआ है, या जो प्राईस फिक्स कर रखी है, उससे भी कम प्राईस और घाटा होने के बावजूद यह विदेशी कम्पनियां अपनी दवाईयों को ऑनलाईन मार्केट के माध्यम से बाजारों में बेच रही है। इन बाहरी कम्पनियों ने शुद्ध रूप से हमारे यहां अपनी मोनोपाली चला रखी है। यह मार्जिन भी ज्यादा दे रहे हैं जबकि इतना मार्जिन सम्भव ही नहीं है लेकिन सरकार भी इन पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। कई बार हमने सरकार से इस सम्बन्ध में चर्चा करने की कोशिश की, हेल्थ मिनिस्टर से भी समय मांग रहे हैं लेकिन वह भी समय नहीं दे रहे हैं और लगातार टामटोल कर रहे हैं। उदयपुर में हो रही हमारी राष्ट्रीय बैठक में सरकार को अन्तिम चेतावनी के रूप में प्रस्ताव तैयार करेंगे। बैठक के बाद हम सरकार को अन्तिम नोटिस देंगे। इसके बाद भी अगर कार्रवाई नहीं हुई तो हम सांकेतिक तौर पर एक दिन का भारत बन्द का आह्वान करेंगे, उसके बाद भी यदि सरकार नहीं सुनती है तो हम अनिश्चितकानील हड़ताल करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

संगठन ने हाल ही में सरकार द्वारा जारी उस प्रस्ताव पर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया है, जिसमें प्राथमिक कृषि साख समितियों को फॉर्म बीस ए एवं 21 ए के अंतर्गत औषधि लाइसेंस प्रदान करने की बात कही गई है। यह निर्णय जनस्वास्थ्य, रोगी सुरक्षा तथा देश की औषधि नियंत्रण व्यवस्था के लिए अत्यंत गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकता है। पहली बात तो बिना लाईसेन्स के कोई भी किसी भी प्रकार की दवाईयां नहीं बेच सकता। दूसरा इसके लिए एजुकेशन होना बहुत जरूरी है और तीसरा बिना फार्मासिस्ट के दवाएं नहीं बेची जा सकती है। उन्होंने कहा कि हम सहकारी बिक्री केन्द्रों पर दवाईयां बेचने के फैसले का भी विरोध करते हैं। इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर रविवार को आयोजित बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा आवश्यकता पडने पर संगठन द्वारा इस संबंध में ठोस और कठोर निर्णय भी लिए जा सकते हैं।

## एडीजे और एसीजेएम कोर्ट में हुआ लोक अदालत का आयोजन

# आपसी राजीनामे से निस्तारण हुए बैंक, बिजली और सिविल के साथ राजस्व संबंधी मामले



### सबसे अधिक डिस्कॉम से जुड़े मामलो का हुआ निस्तारण, एक करोड़ से अधिक का राजस्व

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत शनिवार को शहर के एडीजे कोर्ट और एसीजेएम कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में न्यायालय से लंबित राजीनामा योग्य मामलों के निस्तारण के साथ बैंक ऋण संबंधी मामले,एनआई एक्ट प्रकरण,राजस्व न्यायालय के लंबित मामले और बिजली,पानी से जुड़े विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। बाड़ी एडीजे कोर्ट में एडीजे सुनील कुमार गुप्ता ने विभिन्न मामलों में सुनवाई करते हुए राजीनामा के तहत मामलों का निस्तारण किया,वहीं कोर्ट परिसर में एसीजेएम डॉ सिद्धार्थ शंकर शर्मा ने सुनवाई करते हुए मामलों का निस्तारण किया। लोक अदालत को लेकर बनाए गए अधिवक्ता पैनल में शामिल एडवोकेट जीतेन्द्र चौहान और ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया की लोक अदालत के तहत विभिन्न मामलों का निस्तारण किया गया है।सबसे अधिक डिस्काम से जुड़े बिजली संबंधी मामले निस्तारित किए गए हैं। वही मोटर व्हीकल एक्ट के 11,फैमिली कोर्ट के विवाह संबंधी 05 और दीवानी के 04 मामले निस्तारित किये गए है साथ में विभिन्न बैंकों से जुड़े ऋण संबंधी 47 मामलो का निस्तारण आपसी सहमति से किया गया है। जिसमें 56 लाख 39 हजार रुपये का राजस्व आया है वही एडीजे कोर्ट के पेशकार नरेश गोयल ने बताया की लोक अदालत के माध्यम से बिजली संबंधी 473 मामलों

### डिस्कॉम के अधिकारी और कर्मचारियों की मेहनत लाई रंग

डिस्कॉम के बाड़ी एक्सईएन गोविंद सिंह ने बताया की लोक अदालत के तहत बाड़ी डिवीजन के बाड़ी, सैपऊ, बसेड़ी, सरमथुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत डीसी, पीडीसी, बकाया, वीसीआर सहित विभिन्न मामलों को लेकर बाड़ी में 2870, बसेड़ी में 3250, सरमथुरा में 3268 और सैपऊ में 7200 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए थे। जिन पर डिस्कॉम करोड़ो रूपये बकाया है। डिस्कॉम की टीम एक सप्ताह से लगातार नोटिस देने में जुटी थी। लोक अदालत में सभी उपखंड के सहायक अभियंता,कनिष्ठ अभियंता और अन्य कार्मिको ने दिन-रात मेहनत का परिणाम है कि आज लोक अदालत के दौरान कुल 473 मामलों का निस्तारण हुआ है। जिससे डिस्कॉम को 87 लाख 91 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

एक्सईएन गोविंद सिंह ने बताया की लोक अदालत के तहत निस्तारित हुए मामलों में बाड़ी में 256 मामले निस्तारित किए गए जिनसे 43 लाख 21 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं बसेड़ी में 87 मामलों का निस्तारण किया गया। जिससे 19.60 लाख रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। सरमथुरा में 132 मामले निस्तारित किए जिसे 17.52 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। कुल मिलाकर 475 मामलों का निस्तारण हुआ है जिनमें 70 लाख से अधिक रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। सैपऊ के मामलों को लेकर अभी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हुआ है।

## बालिका और पीएम श्री किला स्कूल में शुरू हुआ एनएसएस शिविर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े सात दिवसीय शिविर का शनिवार से शुभारंभ हुआ। शिविर शुभारंभ के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक शिवहरे ने की,वही मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नीरू जैन उपस्थित रही। जिन्होंने एनएसएस की छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना में राष्ट्र के प्रति उनकी भागीदारी और समाज में जिम्मेदारी के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान उनके व्यक्तित्व विकास और समाजसेवी के रूप में व्यक्तित्व निखार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य दीपक शिवहरे ने बताया कि युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। ऐसे में हमें सेवा भाव के साथ राष्ट्र समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी करनी चाहिए। इस दौरान एनएसएस की छात्राओं ने डिजिटल क्षेत्र में युवा शक्ति की भूमिका पर अपने विचार रखें और मोबाइल के उपयोग व दुरुपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के साहब सिंह, सुरेश तिवारी, अर्चना मित्तल, संजय मीणा, नरेंद्र मीणा,अक्षय पाराशर सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी लगा एनएसएस शिविर :-

शहर के पीएम श्री रा उ मा वि किला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हरिओम सिंह ने की,मुख्य अतिथि के रूप मे एडीपीसी समसा जितेंद्र सिंह जादौन मौजूद रहे।

# बीस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## दूसरी कार्यवाही में अवैध शराब के साथ दो आरोपी किये गिरफ़्तार,113 पव्वे किये बरामद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 15 वर्ष से फराज चल रहे बीस हजार रुपये के एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया बदमाश कई मामलों में वांछित है। जिस पर कोर्ट से भी स्थाई वारंट जारी है। एसएचओ देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है। वहीं पुलिस ने दूसरी कार्रवाई में अवैध शराब को लेकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 113 पव्वे देशी शराब के बरामद किए हैं।



कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ शिकंजा चलाया हुआ है। उक्त अभियान में गुरुवार की शाम जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक इनामी बदमाश रेवई गांव के पास जंगल में देखा गया है।

उक्त सूचना के पुख्ता होने पर एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में थाने के एसआई घनश्याम सिंह,हेड कांस्टेबल दीनदयाल, ओमप्रकाश, कांस्टेबल रामचंद्र, नरेंद्र, कोमल, दिलीप सिंह, आसाराम, राजेंद्र की टीम बनाकर मौके पर रवाना की गई। टीम ने रेवई गांव के पास जंगल से बीस हजार के इनामी और 15 साल से फरार चल रहे आरोपी बबलू पत्र रामबाबू ठाकुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाश पर बाड़ी,कंचनपुर और बसेड़ी थाने में कई मामले दर्ज हैं। आरोपी हत्या के प्रयास और डकैती के मामलों में वांछित है।

वही दूसरी कार्रवाई में कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब को लेकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएचओ देवेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी गोविंद उर्फ़ टल्ली पुत्र पप्पू ठाकुर निवासी ठाकुर पाड़ा को 55 देशी शराब के पव्वो सहित तुलसीवन रोड से गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे आरोपी अशोक पुत्र नेमीचंद जाटव को हवेली पाड़ा से गिरफ्त में लिया है। जिसके कब्जे से 58 देसी शराब के पव्वे बरामद हुए हैं।

# विधानसभा की धरती वीरों की जननी, मेरा उन्हें सलामःशेखावत

### वीर के स्मारक निर्माण में जो भी आवश्यकता होगी, पूरी करेंगे,सदैव खड़े रहेंगे साथ!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के हरसौरा थाना क्षेत्र के गाँव मोरोड़ी निवासी सीआरपीएफ के वीर जवान 55वर्षीय मोहरसिंह गुर्जर का हृदयगति रुक जाने से मौत हो गई थी।जिसकी पार्थिक देह को उनके गाँव मोरोड़ी में लाया गया। जिनके सम्मान में 4किलोमीटर लम्बी तिरंगा यात्रा निकाली गई। वीर जवान के गाँव सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में माहौल गमगीन था। सबकी आँखों से अश्रुधारा बह रही थी। उपस्थित लोगों में से कोई भी अपने बहते अश्रुओं की धारा रोक न सका।उल्लेखनीय है कि वीर जवान 8मार्च 2026को ही अपनी छुट्टीयाँ बिताकर ड्यूटी पर



लौटे थे। लेकिन हृदयगति रुक जाने की वज़ह से उनकी मौत हो गईं। इस आशय का समाचार सुनकर आसपास के लोगों सहित विधायक और पूर्व विधायक सहित प्रशासन के लोग काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

इस मौके पर परिजनों सहित पूर्व मंत्री शकुंतला रावत व विधायक देवीसिंह शेखावत ने भी भारत माता के सपूत को कन्धा दिया। इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र की धरा वीरों की धरा रही है। जिन्होंने देशहित में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वीर जवान के स्मारक पर जो भी खर्च होगा उसमें अधिकतम सीमा तक वीर जवान के स्मारक पर विधायक निधी से खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जहाँ भी हमारी आवश्यकता होगी वहीं खड़े पाएंगे। इस मौके पर वीर जवान मोहरसिंह गुर्जर अमर रहे! जब तक सूरज चाँद रहेगा मोहरसिंह गुर्जर तेरा नाम रहेगा के नारे लगे। वहीं परिजनों ने वीर जवान के अंतिम दर्शन किए तो उनकी धर्मपत्नी मुरछीत हो गईं।

### नयागांव बखराना डूंगरी में अवैध खनन का तांडव

# जेसीबी और ट्रैक्टरों से दिनदहाड़े हो रही पत्थरों की लूट



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। बिल्लूराम सैनी)।** के ग्राम नयागांव की बखराना डूंगरी में पत्थरों का अवैध खनन जारी है। दिनदहाड़े जेसीबी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है और अवैध ब्लास्टिंग भी हो रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह डूंगरी पहले काफी बड़ी थी, लेकिन लगातार खुदाई के कारण अब यहां गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भर जाता है। जिस गति से खनन हो रहा है, उससे आशंका है कि भविष्य में डूंगरी का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। वे अब अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने पर विचार कर रहे हैं।

हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि दबंग खनन माफिया के दबाव और धमकियों के कारण वे खुलकर सामने आने से डरते हैं। अवैध ब्लास्टिंग भी इन्हीं दबंगों द्वारा की जाती है।

# 'गंगानगर राइजिंग' के विजन के साथ मुख्यमंत्री से मिले टांटिया बंधु

बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर ( नि.स. )।** सरकारी और गैर सरकारी संयुक्त प्रयासों की बदौलत राजस्थान के सिरमौर जिला श्रीगंगानगर को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने की सोच के साथ डॉ विशु टांटिया और डॉ मोहित टांटिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान में टांटिया परिवार के योगदान की भरपूर सराहना की। विगत दिवस जयपुर में अपने निवास पर हुई इस शिष्टाचार भेंट में मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में टांटिया समूह की पहचान राष्ट्रीय पटल पर दर्ज होना पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।



टांटिया समूह के मुख्य मार्गदर्शक डॉ विशु टांटिया ने मुख्यमंत्री को श्रीगंगानगर आने का न्यौता दिया। टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ मोहित टांटिया ने मुख्यमंत्री के सामने राइजिंग राजस्थान की तर्ज पर गंगानगर राइजिंग का विजन रखा, जिसमें सरकार और टांटिया ग्रुप मिलकर भारत-पाक बॉर्डर एरिया के निवासियों के लिए रोजगार, व्यापार और आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने पर काम करें।

साथ ही, किसानों और पशुपालकों के लिए परंपरागत तरीकों के अलावा तकनीक और शोध की मदद से आय के नए स्त्रोत पैदा करने की जरूरत पर जोर दिया गया। डॉ मोहित ने मुख्यमंत्री को सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे टांटिया ग्रुप के नवाचारों से अवगत करवाया और लालगढ़ हवाई पट्टी को पायलट ट्रेनिंग स्कूल के लिए लीज पर दिए जाने का आभार ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने करीब 25 मिनट तक डॉ विशु और डॉ मोहित के साथ विभिन्न विषयों पर हुई सार्थक चर्चा के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का विश्वास दिलाते हुए और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल
# सांगानेर में 15 मार्च को निःशुल्क 'निरोगी सांगानेर' चिकित्सा शिविर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के द्वारा सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए निःशुल्क निरोगी सांगानेर चिकित्सा शिविर रविवार 15 मार्च2026 को रामेश्वर महादेव के पीछे, पार्क में महारानी फार्म में प्रातः 7.00 से 1.00 बजे तक आयोजन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी।

कैलाशी नन्द किशोर शर्मा ने बताया कि रिद्धि सिद्धि मंडल सांगानेर की अध्यक्ष दीपा नाथावत ने वार्ड 81 एवं 87 तथा विकास समिति महावीर नगर द्वितीय के साथ-साथ मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों, सभी स्थानीय कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग आयोजित कर माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी के द्वारा लगाए जा रहे निशुल्क निरोगी सांगानेर चिकित्सा शिविर के बारे में अवगत कराते हुए सभी को जोश और उत्साह से पूरे वार्ड क्षेत्र में घर-घर जाकर स्थानीय निवासियों जिनमें पुरुषों महिलाओं और बच्चों तथा वरिष्ठ सीनियर सिटीजंस को आधार कार्ड/ जन आधार अनिवार्य रूप से लाकर एक छत के नीचे उपलब्ध निशुल्क चिकित्सा शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठाने के बारे बताने हेतु प्रेरित किया।

## ब्राह्मण समाज रींगस का होली स्नेह मिलन व आम सभा आज

बढ़ता राजस्थान

**रींगस।** रींगस ब्राह्मण महासभा व ब्राह्मण नवयुवक मंडल के तत्वाधान में 15 मार्च रविवार को 4:30 बजे ब्राह्मण धर्मशाला के सभागार में होली स्नेह मिलन व आमसभा का आयोजन किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष कैलाश चंद्र वशिष्ठ करेंगे ब्राह्मण महासभा के सचिव विष्णु गंगावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति पहले होली स्नेह मिलन का कार्यक्रम होगा

तत्पश्चात आम सभा में रखे जाने वाले प्रस्तावो व उपस्थित विप्र जनों के आमंत्रित सुझावों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

महासभा के अध्यक्ष कैलाश चंद्र वशिष्ठ ने सभी विप्र जनों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निवेदन किया है।

## जयपुर में 'फार्म से फॉर्च्यून तक' अखिल भारतीय महासम्मेलन सम्पन्न
# देशभर के किसानों को मिला लाभकारी खेती व ग्रामीण स्टार्टअप का नया मॉडल

### गौ-आधारित जैविक खेती, औषधीय पौधों की खेती, ग्रामीण उद्योग, निर्यात व निवेश पर देशभर के विशेषज्ञों ने किया मंथन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/सांगानेर ( कासं )।** वैदिक वन औषधीय पादप केंद्र, श्री पिंजरापोल गौशाला, सांगानेर (जयपुर) में 14-15 मार्च 2026 को आयोजित 'फार्म से फॉर्च्यून तक' अखिल भारतीय महासम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 50 से अधिक प्रगतिशील किसानों, कृषि विशेषज्ञों, उद्यमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और युवाओं को खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदलने के आधुनिक मॉडल से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य प्रकाश दास जी महाराज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि विपिन कुमार पांडे, अतिरिक्त महानिदेशक राजस्थान पुलिस उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राकेश की दावत, चेयरमैन स्टार हॉस्पिटल, जयपुर ने की।




सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अतुल गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय संयोजक - अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ-आधारित जैविक खेती, औषधीय पौधों की व्यावसायिक खेती और मूल्य संवर्धित उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाकर किसानों की आय कई गुना बढ़ाई जा सकती है।

इस अवसर पर मोनिका गुप्ता, सचिव - हाईमन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती, औषधीय पौधों और ग्रामीण उद्योगों को जोड़कर युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर स्वरोजगार के अवसर तैयार किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम में महावीर मीणा (सेवानिवृत्त आयुक्त, जीएसटी - राजस्थान) ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि किसान स्टार्टअप मॉडल, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग को अपनाएं तो कृषि को उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मेडिसिनल एवं हर्बल प्लांट्स की खेती, बायबैक एग्रीमेंट, थर्ड पार्टी मैन्युफैक्चरिंग, प्राइवेट लेबलिंग, निर्यात व्यवसाय और मार्केटिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

सम्मेलन में राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों से आए प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की।

इस अवसर पर योगेश गुप्ता (राजस्थान), सूर्यकांति कोरपे (महाराष्ट्र), रूपा बत्रा (हरियाणा), मंदार नितुरकर (महाराष्ट्र), आशीष वर्धा (महाराष्ट्र), वीरेंद्र कुमार गहलोत (राजस्थान), रविंद्र त्रिवेदी (महाराष्ट्र), अमलोक सिंह (हरियाणा), कृतेश पांडेय (उत्तर प्रदेश), अनूप दीक्षित (उत्तर प्रदेश), रोहताश (हरियाणा), शशांक अग्रहरी (उत्तर प्रदेश), अनुभव सिंह (उत्तर प्रदेश), अमित कुमार (उत्तर प्रदेश), राजेंद्र नवलखा जैन (राजस्थान), पवन गहलोत (उत्तर प्रदेश), परमार राजेश (गुजरात), सत्य प्रकाश त्रिपाठी (राजस्थान), सुभाष चंद बंसल (उत्तराखंड), पटेल कौशिक कुमार (गुजरात), महेंद्र मेघवंशी (गुजरात), साकेत कुमार सिंह (बिहार), मनोज कुमार बिधार (ओडिशा), अंशु शर्मा (उत्तर प्रदेश), सत्यवान (हरियाणा), झाला कुलदीप सिंह (गुजरात), मुनेश कुमार त्यागी (उत्तर प्रदेश), संदीप घुगरे (महाराष्ट्र), कुमार सौरभ (झारखंड), राकेश कुमार गुप्ता (उत्तर प्रदेश) सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## दांता में प्राचीन डोळा वाले बजरंग बली मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

बढ़ता राजस्थान

**दांतारामगढ़।** दांता के चौढाणा कुआ पर स्थित प्राचीन डोळा वाले सिद्धि हनुमान बजरंग बली मंदिर में अप्रैल- मई माह से जीर्णोद्धार कार्य शुरू होने जा रहा है। यह समाचार क्षेत्रीय भक्तों के बीच खुशी की लहर ला रहा है, क्योंकि इस पावन अवसर पर साढ़े चार फीट ऊंची भव्य बजरंग बली प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी। पुजारी श्यामलाल कुमावत ने बताया कि यह मंदिर सदियों पुराना है, जो दांता की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। जीर्णोद्धार कार्य में मंदिर की मूल संरचना को मजबूत बनाया जाएगा। भगवान हनुमान की कृपा से क्षेत्र में समृद्धि और शांति का वास होगा। स्थानीय भक्तों का कहना है कि डोळा वाले बजरंग बली की पूजा से हर संकट टल जाता है। श्री बजरंग बली प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जहाँ दानदाताओं और स्वयंसेवकों का सहयोग महत्वपूर्ण होगा। अप्रैल मई में शुरू हो रहे इस धार्मिक उत्सव की तैयारियाँ चल रही है

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत श्योपुर मंडल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**सांगानेर/जयपुर ( महेंद्र कुमार शर्मा )।** प्रदेश में चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के जागरूकता अभियान के अंतर्गत सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के श्योपुर मंडल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्योपुर मंडल अध्यक्ष गोपाल लाल सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में संयोजक अंकित शर्मा, सहसंयोजक मुकेश चौधरी और कशीश चावला सहित मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता गौरीशंकर सैनी, महेंद्र कुमार शर्मा, सुनील शशि (अन्ना), सुरेंद्र सिंह, सुमित शर्मा, अखिल द्विवेदी, मुकेश भट्ट, रेखा शर्मा, प्रेम लालवानी, जितेंद्र भाटिया, मुकेश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा स्वच्छता अभियान पर आधारित एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने संदेश दिया कि अपने घर और आसपास के क्षेत्र में किस प्रकार साफ-सफाई बनाए रखी जा सकती है तथा नागरिकों में सिविक सेंस विकसित करना कितना आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में नगर निगम के सफाई कर्मियों (सफाई योद्धाओं) को माला पहनाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने नजदीक स्थित शहरी प्राथमिक चिकित्सालय पहुंचकर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई कार्य किया तथा आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## जो जानकारी चाहिए वह समय पर व सही रूप में दें
# सांसद ने चेताया: जनप्रतिनिधियों को गुमराह करने का प्रयास न करें



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही।** सांसद लुम्बाराम चौधरी ने शनिवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में अधिकारियों को चेताया कि जनप्रतिनिधियों को जो जानकारी चाहिए वह समय पर और सही रूप में दें, गुमराह न करें। इस तरह के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। जिम्मेदारी एक-दूसरे पर उड़ेलना सही नहीं है।

हुआ यूं कि पूर्व की बैठक में जल जीवन मिशन के तहत कार्य के दौरान गांवों में तोड़ी सड़कों की मरम्मत को लेकर मुद्दा उठाया गया था। विभाग की ओर से भेजी गई अनुपालना रिपोर्ट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। सदस्य ने इस पर नाराजगी जताते हुए सदन को गुमराह करने का मसला उठाया। इस पर सांसद ने अधिकारियों को चेताया कि इस तरह के प्रयास न करें।

**एक-दूसरे पर उड़ेलते दिखे जिम्मेदारी:** इस बैठक में भी तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत को लेकर जल जीवन मिशन व पीडब्ल्यूडी अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी उड़ेलते दिखे। स्वास्थ्य विभाग के भवनों की जांच के मामले में भी सीएमएचओ ने बताया कि रिपोर्ट अभी आनी है, जबकि पीडब्ल्यूडी अधिकारी बोले कि उसी समय दस दिन में रिपोर्ट भेज दी थी। जांच रिपोर्ट के मामले में दोनों विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते दिखे।

**गुणवत्ता न होने पर सख्त कार्रवाई करें:** बैठक में सांसद ने कहा कि विभिन्न एजेंसी और ठेकेदारों के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता न होने पर सख्त कार्रवाई की जाएं। विकास कार्यों में त्वरित कार्यवाही के लिए जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएं। अस्पतालों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने व मरीजों को राहत पहुंचाने, ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी, टूटी सड़कों की मरम्मत, पेयजल आदि को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान प्रधान हरसुख कुमार समेत अन्य सदस्यों ने समस्याएं रखी तथा समाधान को लेकर सवाल उठाए।

# मशीन लर्निंग से बाजरा रोग पहचान पर शोध, चिति जोहरी निगम को पीएचडी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चिति जोहरी निगम को उनके शोध कार्य 'डिटेक्शन ऑफ प्लांट डिजीज इन पेनिसेटम ग्लौकम यूजिंग मशीन लर्निंग एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. गजानंद शर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर) के मार्गदर्शन तथा डॉ. एकता मेंघानी के सह-मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

उनका शोध उन्नत मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकों के उपयोग से **पेनिसेटम ग्लौकम (बाजरा)** में होने वाले रोगों की पहचान और उनका पता लगाने पर केंद्रित है। बाजरा शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में व्यापक रूप से उगाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण फसल है। इस अध्ययन का उद्देश्य डिजिटल तकनीकों की सहायता से पौधों में रोगों की तेज और सटीक पहचान संभव बनाकर किसानों और कृषि शोधकर्ताओं को उपयोगी सहायता प्रदान करना है। एआई आधारित इमेज विश्लेषण और मशीन लर्निंग मॉडलों के समन्वय से यह शोध फसल के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करने का प्रभावी तरीका प्रस्तुत करता है। रोगों की समय रहते पहचान से फसल नुकसान को कम करने, उपज की गुणवत्ता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है।



कृषि विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने आधुनिक कृषि में इस शोध की व्यावहारिक उपयोगिता की सराहना की है। यह शोध स्मार्ट एग्रीकल्चर और प्रिसीजन फार्मिंग के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देने की अपेक्षा रखता है।

इस उपलब्धि के साथ डॉ. चिति जोहरी निगम कृषि और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समन्वय पर कार्य करने वाले शोधकर्ताओं की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। वर्तमान में वह जयपुर स्थित मयूर स्कूल में कंप्यूटर विभागाध्यक्ष (हेड ऑफ कंप्यूटर डिपार्टमेंट) के पद पर कार्यरत हैं।

## युपीएससी में चयनित कल्पना मीणा का किया सम्मान

**कोटपुतली ।** बिल्लूराम सैनी)। यूपीएससी सिविल सर्विसेज में चयन होने पर क्षेत्र के बर्डोद निवासी हाल ही रामविहार कालोनी कोटपूतली कल्पना मीणा का सद्दीक मोहम्मद खान भारतीय जीवन बीमा निगम सलाहकार, पुर्व प्रदेश महासचिव के सुपुत्र नासीर मोहम्मद खान, की तरफ से भव्य स्वागत किया गया इस दौरान चयनित बेटी कल्पना मीणा एवं परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए देश सेवा के लिए कार्य करने एवं क्षेत्र की बेटियों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करने का वादा करवाया इस दौरान बाबा नारायण दास महिला महाविद्यालय के डायरेक्टर जयप्रकाश मीणा, रसीदा बानो, ईशाक मोहम्मद खान बीमा सलाहकार, आसीन मोहम्मद खान, डॉ आयशा खान, इकरा खान, सहित लोग उपस्थित रहे।

## कचरे के ढेर पर बैठा रहा स्वच्छता की मॉनिटरिंग वाला महकमा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही।** स्वच्छता अभियान की मॉनिटरिंग करने वाला महकमा कचरे के ढेर पर बैठा हुआ है। यहां तक कि पंचायतराज विभाग के बड़े अधिकारी इसी कार्यालय में बैठते हैं। इसके बावजूद न तो नियमित सफाई हो रही और न कचरा निस्तारण किया जा रहा। गनीमत रही कि शनिवार को यहां सभागार में जिलास्तरीय बैठक हो गई, अन्यथा सफाई अब भी नहीं होती। चौंकना लाजिमी पर हकीकत यही है। जिला परिषद कार्यालय परिसर में शनिवार को लोडर मशीन से सफाई की गई तथा दो-तीन ट्रॉली कचरा उठाया गया। अपने कार्यालय की सफाई तक समय पर नहीं करवा रहे तो जिले में सफाई की मॉनिटरिंग किस तरह होती होगी सोच सकते हैं। दिलचस्प तो यह रहा कि सभागार में अधिकारी बैठे रहे और बाहर सफाई होती रही। अधिकारी यहां आयोजित जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में सम्मिलित होने आए थे। एक-एक कर अधिकारी आते रहे और सभागार में जाते रहे। बाहर कर्मचारी लोडर मशीन से सफाई अभियान चलाते दिखे।

वैसे सांसद की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक की तिथि में बार-बार बदलाव भी हुआ। प्रारंभ में यह बैठक 27 फरवरी को होनी थी। इसके बाद 5 मार्च व फिर 14 मार्च को तिथि निर्धारित की गई। बीच में होली का त्योहार भी आया पर व्यवस्था बदहाल ही रही। बैठक आयोजन की पहली तिथि से अभी तक पूरे पंद्रह दिन मिलने के बावजूद जिम्मेदार परिसर की समुचित सफाई तक नहीं करवा पाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन
# 25 करोड़ 12 लाख 77 हजार 395 का अवॉर्ड पारित




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली द्वारा शनिवार को वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन हेतु जिला मुख्यालय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि शर्मा द्वारा दो बैंचों का गठन किया गया। प्रथम बैंच का गठन अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम 04 डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अधिवक्ता राजेश कुमार शर्मा सदस्य रहें एवं द्वितीय बैंच का गठन सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा धानियां की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अधिवक्ता कृष्ण कुमार शर्मा सदस्य रहें।

साथ ही तालुका स्तर पर बैंचों का गठन कर लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में ना केवल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार कार्यालय में लंबित राजस्व प्रकरणों जिनमें सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामान्तरण सहित विविध राजस्व प्रकरणों एवं बिजली विभाग से संबंधित प्रकरण, बैंक एवं ऋण संबंधी मामले एवं अन्य कार्यालयों में लंबित प्रकरणों का आपसी राजनामें से निस्तारण किया गया। वर्ष की प्रथम लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 5221 प्रकरणों को रखा गया। जिसमें से 2296 प्रकरणों का आपसी राजीनामें से निस्तारण किया गया। उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय, विद्युत विभाग एवं बैंकों के 67781 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को रखा गया। जिसमें से 56520 प्रकरणों का आपसी राजीनामें से निस्तारण किया गया एवं कुल 25 करोड़ 12 लाख 77 हजार 395 का अवॉर्ड पारित किया गया।

# जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता, घबराने की जरूरत नहीं: जिला रसद अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।** बिल्लूराम सैनी)। जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गैस सिलेंडरों के अवैध संग्रहण और कालाबाजारी की रोकथाम के लिए शुक्रवार को जिले के विभिन्न उपखंड अधिकारियों और जिला रसद अधिकारी ने अलग-अलग गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एजेंसियों पर सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक पाया गया और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने कोटपूतली क्षेत्र की गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया, वहीं बानसूर एसडीएम अनुराग हरित ने बानसूर इंडेन एजेंसी, नारायणपुर एसडीएम दिनेश शर्मा ने नारायणपुर इंडेन एजेंसी, पावटा एसडीएम साधना शर्मा ने पावटा इंडेन एजेंसी, विराटनगर एसडीएम कपिल कुमार ने निर्मल एचपी एजेंसी और बहरोड़ एसडीएम रामकिशोर मीणा ने बहरोड़ इंडेन एजेंसी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




निरीक्षण के दौरान एजेंसी संचालकों ने बताया कि बॉटलिंग प्लांट से गैस सिलेंडरों की सप्लाई नियमित रूप से प्राप्त हो रही है और उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार वितरण किया जा रहा है।

अधिकारियों ने एजेंसियों के सॉफ्टवेयर सिस्टम की भी जांच की और मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कुछ स्थानों पर सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग में दिक्कत सामने आई, जिस पर अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला रसद अधिकारी ने कहा कि जिले में घरेलू गैस की स्थिति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि शहरी उपभोक्ता पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद और ग्रामीण उपभोक्ता 45 दिन बाद ही गैस बुकिंग करवाएं। साथ ही बुकिंग मोबाइल एप, वेबसाइट, व्हाट्सएप या इवरूक के माध्यम से ही करवाने की सलाह दी गई है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में गैस एजेंसियों पर पॉइंट डिलीवरी बंद कर दी गई है तथा घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी ओटीपी के माध्यम से सीधे उपभोक्ताओं के घर पर की जा रही है। वहीं व्यावसायिक गैस सिलेंडर फिलहाल केवल शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों को ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि गैस आपूर्ति को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या या अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 112, 14435 और 181 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# संवेदनशील बने न्यायिक तंत्र, कई बार अनकही रह जाती है पीड़ा

सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला रद्द कर दिया, जिसमें समन के महत्व को कम किया गया था। कोर्ट ने यौन अपराधों में संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए दिशानिर्देश बनाने की प्रक्रिया शुरू की और लैंगिक रूढ़ियों पर अपनी 2023 की हैंडबुक भी रद्द की।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 (पोक्सो) के एक मामले में समन के महत्व को कम कर दिया गया था। जज सूर्यकांत, जायमाल्य बागची और एनवी अंजारी की पीठ ने ट्रायल कोर्ट के मूल समन आदेश को बहाल किया और कहा कि प्रथमदृष्ट्या आरोपों से दुष्कर्म करने का 'प्रयास' प्रतीत होता है, न कि केवल 'तैयारी'। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक संवेदनशीलता के नवीन मानकों को स्थापित करते हुए यौन अपराधों के मुकदमों में अधिक संवेदनशील और एकसमान न्याय-निर्णय के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की।

इन निर्देशों को जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने लैंगिक रूढ़ियों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2023 में जारी की गई हैंडबुक को रद कर दिया। उक्त मामला 17 मार्च, 2025 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस निर्णय से संबंधित है, जिसमें उसने ट्रायल कोर्ट के समन को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दुष्कर्म के आरोप से घटाकर धारा 354 बी के तहत 'वस्त्र उतारने के इरादे से हमला' कर दिया था। इसके साथ ही पोक्सो के संबंधित प्रविधानों को भी धारा 18 से घटाकर धारा 10 कर दिया गया था, जिसमें आजीवन कारावास की आधी सजा का नियम है, जबकि धारा 18 में 5-7 वर्ष के कारावास का प्रविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना कि देश की विभिन्न अदालतों में संवेदनशीलता को लेकर बरती जाने वाली सावधानी में कहीं न कहीं चूक हो जाती है, इसीलिए उसने यह कार्य प्रशिक्षण प्रणाली को सौंप दिया तथा भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया। समिति को भाषाई विविधता और आम लोगों के लिए सुगम्यता का ध्यान रखते हुए एक व्यापक रिपोर्ट और दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार करने को कहा गया है। न्यायालय का इस पर विशेष जोर था कि समिति प्रतिवेदन तैयार करते समय राष्ट्र की भाषाई विविधता को ध्यान में रखे।

उसने यह भी इंगित किया कि विभिन्न क्षेत्रों की बोलियों में प्रचलित अनेक ऐसे शब्द एवं अभिव्यक्तियां हैं, जो सामान्य बोलचाल में प्रयुक्त होती हैं, पर वे दंड विधि के तहत आपत्तिजनक या अपराध की श्रेणी में आ सकती हैं। अत: समिति का यह दायित्व होगा कि वह विभिन्न भाषाओं के ऐसे शब्दों की पहचान कर उनका संकलन करे, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में अनदेखे न रह जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञ समिति से इस विषय पर एक समग्र रिपोर्ट तैयार करने को कहा कि यौन अपराध के मामलों में न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता कैसे विकसित की जाए। इससे पूर्व 'अपर्णा भट बनाम मध्य प्रदेश राज्य, 18 मार्च, 2021' मामले में शीर्ष न्यायालय ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से कहा था कि वह युवा न्यायाधीशों के प्रशिक्षण और न्यायाधीशों की सतत शिक्षा में लैंगिक संवेदनशीलता से संबंधित आवश्यक सामग्री को शीघ्रता से तैयार करे, जिसमें न्यायिक तर्क में अंतर्निहित रूढ़ियों और अचेतन पूर्वाग्रहों के प्रति पर्याप्त जागरूकता कार्यक्रम शामिल हों।

सुप्रीम कोर्ट लगातार देश की विभिन्न अदालतों द्वारा यौन अपराधों के मामलों में प्रदर्शित संवेदनात्मक कमी और रूढ़िगत दृष्टिकोण पर आपत्ति व्यक्त करता रहा है। हालिया निर्णय में भी सुप्रीम कोर्ट ने इसी चिंता को दोहराते हुए कहा, 'हमारे सभी निर्णयों में करुणा, मानवता एवं समझ की भावना झलकनी चाहिए। यही तत्व एक निष्पक्ष एवं प्रभावी न्यायप्रणाली के निर्माण के लिए जरूरी हैं।' यह टिप्पणी सिर्फ एक न्यायिक अवलोकन भर नहीं, संवेदनशील न्यायशास्त्र की दिशा में किया गया एक सशक्त और ऐतिहासिक हस्ताक्षर है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 15 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1984** – पोर्ट लुई (मारिशस) स्थित महात्मा गांधी संस्थान में वहाँ के प्रधानमंत्री अनिरुद्ध जगन्नाथ द्वारा प्रथम अंतराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन का उद्घाटन।
- **1997** – ईरान ने पहली बार किसी महिला राजनीतिक को विदेश में नियुक्त किया।
- **1999** – एल्डबजोर्ग लोवर नोर्वे की प्रथम महिला रक्षामंत्री बनीं, कोसोवो शांति वार्ता का दूसरा चरण पेरिस में आरम्भ हुआ।
- **2001** – कोफी अन्नान ढाका से भारत पहुँचे, भारत-पाक वार्ता पर ज़ोर, करासे पुन: फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त।
- **2002** – बार्सिलोना (स्पेन) में यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन शुरू, संयुक्त राज्य अमेरिका का चौथा प्रक्षेपास्त्र रोधी परीक्षण सफल।
- **2003** – चीन में सत्ता नई पीढ़ी के हाथ, हू जिन्ताओं नये राष्ट्रपति बने।
- **2005** – सऊदी अरब के राजकुमार अलवाहिद बिन तलाल अब्दुल अजीज अलसौंद ने भारतीय राष्ट्रपति से नई दिल्ली में वार्ता की।
- **2007** – वोडाफ़ोन और एस्सार के बीच समझौता सम्पन्न।
- **2008** – देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को जेल सुधार एवं मानव अधिकारों की रक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए जर्मन सम्मान 'एनीमेरी मेडिसन' के लिए चुना गया। महात्मा गांधी की प्रतिमा इटली के पोसिलियो में स्थापित की गई। कजाखस्तान के वैंकावूर हवाई अड्डे से रूस के एक प्रोटाम एम रॉकेट का प्रक्षेपण किया गया।
- **2009** – लखनऊ ने महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता जीती। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला पहलवान अर्जुन अवार्डी गतिका जाखड़ ने लगातार सातवीं बार भारत केसरी ख़िताब जीतकर देश की सबसे ताकतवर महिला पहलवान बनने का गौरव प्राप्त किया।

### 15 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1997 – **पूजा गहलोत** – भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान हैं।
- 1901 – **गुरु हनुमान** – भारत के महान् कुश्ती कोच व पहलवान।
- 1934 – **कांशीराम** – भारतीय राजनेता।
- 1937 – **चरणजीत सिंह अटवाल** – शिरोमणि अकाली दल।
- 1947 – **अजीत पाल सिंह** – भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं।
- 1947 – **एम. थंबीदुरई** – तमिलनाडु के प्रसिद्ध राजनीतिक नेता हैं।
- 1943 – **साहिब सिंह वर्मा** – भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष व तेरहवीं लोक सभा के सांसद थे।
- 1874 – **सर अब्दुल कादिर** – न्यायविद, पत्रकार और राजनीतिज्ञ थे।

### 15 मार्च को हुए निधन

- **थॉमस हिल ग्रीन** – थॉमस हिल ग्रीन, अंग्रेज़ विज्ञानवादी दार्शनिक, ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में ह्वाइट प्रोफेसर थे।
- 1908 – **मालती चौधरी** – भारतीय स्वतंत्रता सेनानी तथा गाँधीवादी थीं।
- 1980 – **चन्दूलाल माधवलाल त्रिवेदी** – आंध्र प्रदेश के पहले राज्यपाल थे।
- 1985 – **राधा कृष्ण चौधरी** – बिहार के प्रसिद्ध लेखकों में से एक थे।
- 1992 – **राही मासूम रज़ा** – बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और प्रसिद्ध साहित्यकार।
- 2009 – **सरला ठकराल** – भारत की प्रथम महिला विमान चालक।
- 2009 – वर्मा मलिक – भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार।
- 2013 – कलाम अंजी रेड्डी – दवा उद्योग में एक भारतीय उद्यमी थे।
- 2015 – नारायण भाई देसाई, स्वतंत्रता सेनानी एवं महादेव देसाई के पुत्र।

## विशेष आलेख

# (15 मार्च अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस) पेट्रोलियम संकट में उपभोक्ता, अधिकारों की वास्तविकता



संजीव ठाकुर




प्रतिवर्ष 15 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए समर्पित है, परंतु विडंबना यह है कि आज जब दुनिया इस दिवस को मना रही है, उसी समय वैश्विक राजनीति और युद्धों की आग में उपभोक्ता सबसे अधिक झुलस रहा है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, विशेषकर अमेरिका, इज़रायल और ईरान के टकराव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति और कीमतों पर वैश्विक दबाव बढ़ गया है। परिणाम यह हुआ कि पेट्रोल, डीज़ल और गैस की कीमतों में स्थिरता ने पूरे विश्व के उपभोक्ताओं को प्रभावित किया है।

जब जब पेट्रोलियम महँगा होता है तो उसका असर केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता बल्कि परिवहन, खाद्यान्न, बिजली, उद्योग और दैनिक उपभोग की वस्तुओं तक फैल जाता है, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा बोझ पड़ता है। ऐसे समय में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि उपभोक्ता अधिकारों की जो व्यवस्था बनाई गई है वह वास्तव में आम नागरिक को कितनी राहत दे पा रही है। भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में व्यापक रूप से लागू किया गया था उसके बाद अनेक संशोधन किए गए, वर्तमान में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं। इनमें सुरक्षा का अधिकार, सूचना प्राप्त करने का अधिकार, चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, न्याय प्राप्त करने का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार प्रमुख हैं। इसके अलावा इस कानून में भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण, ई-कॉमर्स कंपनियों की जवाबदेही और ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था भी जोड़ी गई है।

उपभोक्ता विवादों के समाधान के लिए भारत में त्री स्तरीय व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग, राज्य उपभोक्ता आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग शामिल हैं। देश में लगभग 685 जिला उपभोक्ता आयोग और लगभग 35 राज्य आयोग कार्यरत हैं, जबकि राष्ट्रीय आयोग सर्वोच्च स्तर पर अपील और बड़े मामलों की सुनवाई करता है। जिला आयोग में एक करोड़ रुपये तक के मामलों की सुनवाई होती है, राज्य आयोग एक करोड़ से दस करोड़ रुपये तक के मामलों पर निर्णय देता है और दस करोड़ रुपये से अधिक के मामलों की सुनवाई राष्ट्रीय आयोग करता है। सरकार के उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में उपभोक्ता मामलों की संख्या लगातार बढ़ी है। 2022 से 2025 के बीच लगभग 5.99 लाख मामले उपभोक्ता आयोगों में दर्ज हुए और लगभग 5.91 लाख मामलों का निपटारा किया गया, जबकि लाखों मामले अब भी लंबित हैं। वर्ष 2024 में लगभग 1.73 लाख नए मामले दर्ज हुए और लगभग 1.58 लाख मामलों का समाधान हुआ। जनवरी 2024 तक देशभर में लगभग 5.43 लाख मामले लंबित थे। कुछ राज्यों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, जैसे गुजरात में 2024 के दौरान राज्य आयोग में 2214 मामलों और जिला आयोगों में 15820 मामलों का निपटारा किया गया। यह आँकड़े यह दर्शाते हैं कि व्यवस्था सक्रिय तो है, परंतु मामलों की संख्या और निपटान के बीच अभी भी बड़ा अंतर मौजूद है।

कानून के अनुसार उपभोक्ता मामलों का निपटारा तीन से पाँच महीनों के भीतर हो जाना चाहिए, लेकिन व्यवहार में कई मामलों में वर्षों लग जाते हैं। इसके पीछे न्यायिक सदस्यों की कमी, प्रशासनिक ढाँचे की सीमाएँ, बार-बार स्थगन और कंपनियों द्वारा आदेशों के पालन में देरी जैसे कारण जिम्मेदार हैं। इस पूरी व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि आम उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति अभी भी पूरी तरह जागरूक नहीं है। ग्रामीण स्तर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करना नितांत आवश्यक है। बहुत से लोग छोटी-छोटी ठगी या सेवा में कमी को नियति मानकर सह लेते हैं और शिकायत दर्ज नहीं कराते। यही कारण है कि बाजार में कई बार कंपनियाँ और सेवा प्रदाता उपभोक्ता हितों की अनदेखी कर देते हैं। पेट्रोलियम संकट के वर्तमान दौर में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि ईंधन की कीमतों का प्रभाव हर वस्तु और सेवा पर पड़ता है। ऐसे में सरकार, उपभोक्ता संगठनों और न्यायिक संस्थाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे मूल्य पारदर्शिता, कर संरचना और आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित रखें ताकि आम नागरिक पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।

अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन भर नहीं होना चाहिए बल्कि यह आत्ममंथन का अवसर भी होना चाहिए कि क्या उपभोक्ता वास्तव में बाजार का राजा बन पाया है या अभी भी वह व्यवस्था की जटिलताओं में उलझा हुआ है। जब तक उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगा और शिकायत दर्ज करने का साहस नहीं करेगा, तब तक कानून की शक्ति पूरी तरह प्रभावी नहीं हो सकेगी। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि उपभोक्ता जागरूकता को जनआंदोलन का रूप दिया जाए, उपभोक्ता अदालतों की संख्या और संसाधन बढ़ाए जाएँ तथा शिकायतों के त्वरित निपटान की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। तभी अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा और उपभोक्ता वास्तव में सशक्त बन सकेगा।

**ये लेखक के अपने विचार हैं।**

# क्या केवल आईएएस से बदलेगा देश?



डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा केवल एक प्रतियोगी परीक्षा नहीं रह गई है, बल्कि यह आज के युवाओं के लिए प्रतिष्ठा, शक्ति और सामाजिक सम्मान का प्रतीक बन चुकी है। हर वर्ष लाखों युवा इस परीक्षा की तैयारी में जुटते हैं और इसके साथ-साथ एक विशाल कोचिंग उद्योग भी खड़ा हो चुका है, जिसकी कीमत हजारों करोड़ रुपये आँकी जाती है। माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही यह सपना दिखाने लगते हैं कि वे बड़े होकर प्रशासनिक अधिकारी बनें। समाज में भी प्रशासनिक सेवाओं को इतनी प्रतिष्ठा दी जाती है कि यह कई युवाओं के लिए जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है।

इसी वातावरण के बीच हाल ही में एकप्रसिद्ध शिक्षक का एक वक्तव्य व्यापक चर्चा का विषय बन गया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा का अधिकारी देश को नहीं बदल सकता। उनके अनुसार प्रशासनिक अधिकारी एक अच्छे कार्यान्वयनकर्ता होते हैं, जिनका मुख्य कार्य सरकार की नीतियों और योजनाओं को जमीन पर लागू करना होता है। लेकिन जब बात नए विचारों, बड़े परिवर्तन और ऐतिहासिक उपलब्धियों की आती है, तो इतिहास में ऐसे उदाहरण कम ही मिलते हैं जहाँ किसी प्रशासनिक अधिकारी ने कोई क्रांतिकारी दिशा दी हो। यह कथन कई लोगों को कठोर लगा, परंतु इसने एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दिया है—क्या सचमुच देश का भविष्य केवल प्रशासनिक सेवाओं से तय होता है या उसके पीछे वैज्ञानिकों, विचारकों और नवाचार करने वालों की बड़ी भूमिका होती है?

यदि हम भारत के इतिहास पर दृष्टि डालें तो पाएँगे कि देश को दिशा देने वाले कई बड़े परिवर्तन प्रशासनिक ढाँचे से बाहर के लोगों ने किए। भारत का परमाणु कार्यक्रम हो या अंतरिक्ष अनुसंधान, हरित क्रांति हो या श्वेत क्रांति—इन सभी के पीछे दूरदर्शी वैज्ञानिकों और सामाजिक उद्यमियों की भूमिका रही है। होमी जे भाभा ने भारत के परमाणु कार्यक्रम की नींव रखी और यह दिखाया कि विज्ञान के माध्यम से राष्ट्र की सुरक्षा और प्रतिष्ठा को मजबूत किया जा सकता है। विक्रम सारा भाई ने अंतरिक्ष अनुसंधान की शुरुआत की और आज भारत विश्व के अग्रणी अंतरिक्ष देशों में गिना जाता है।

इसी प्रकार अब्दुल कलाम ने मिसाइल कार्यक्रम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और भारत को सामरिक रूप से मजबूत बनाया। कृषि क्षेत्र में स्वामीनाथन ने हरित क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बना। वहीं वेर्घेस कुरियन ने अमूल आंदोलन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में क्रांति लाकर लाखों किसानों की आर्थिक स्थिति बदल दी। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि देश की दिशा बदलने वाले विचार अक्सर प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों, खेतों और उद्योगों से आते हैं। प्रशासनिक व्यवस्था उन विचारों को लागू करने और उन्हें व्यापक स्तर पर पहुँचाने में मदद करती है, परंतु मूल विचार का जन्म अक्सर किसी वैज्ञानिक, शिक्षक, उद्यमी या सामाजिक कार्यकर्ता के मन में होता है। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि प्रशासनिक सेवाओं का महत्व कम नहीं है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नीतियों को लागू करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता तक योजनाओं को पहुँचाने के लिए सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों की आवश्यकता होती है। यदि कोई महान वैज्ञानिक कोई नई तकनीक विकसित करता है, तो उसे समाज तक पहुँचाने के लिए प्रशासनिक ढाँचे की सहायता आवश्यक होती है।

**ये लेखक के अपने विचार हैं।**

## लघुकथा — बढ़ता राजस्थान

### फर्ज

'अशरफ मियाँ कहाँ थे आप?'

'कहाँ थे आप! मैं समझा नहीं सर?'

'अशरफ मियाँ इ.ओ. सर ने औचक निरीक्षण किया तो आपकी क्लास खाली पड़ी थी। बच्चे धमाचौकड़ी मचा रहे थे।'

'सर, आप भी बच्चों जैसी बातें कर रहे हैं ! क्लास के चक्क्रर में हम अपनी इबादत जैसी जरूरी आजमाइशें छोड़ दें क्या?'

'कमाल है अशरफ साहब, क्या आप नहीं जानते कि क्लास खाली हो तो बच्चे बातों-बातों में आपस में किसी का सर भी फोड़ सकते हैं?'

'सर जी, अगर मामला इतना संजीदा है तो स्कूल का हेड होने के नाते इसकी फ़िकर आपको करनी चाहिए। मैं अपनी इबादत का टाइम किसी को नहीं दे सकता। भले ही कुछ भी हो जाए।'

'ठीक है अब तो चले जाओ क्लास में।'

'पापा! जल्दी घर चलिए, भाई जान घर में बैठे हैं और लगातार रोये चले जा रहे हैं। किसी के चुप कराये नहीं मान रहे।' अशरफ सर का बेटा उन्हें पुकारता हुआ बदहवास स्कूल के अंदर आ गया।

'अकीब लगातार रोये चले जा रहा है! क्यों क्या हुआ?'

'पता नहीं पापा, भाई जान कुछ बताएं तब न!'

'कुछ तो कहता होगा। आखिर हुआ क्या?'

'लगता है उनकी नौकरी छूट गयी है।'

## हेल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# गर्मियों में वजन घटाने के लिए पिएं ये 5 ड्रिंक्स

आजकल के गलत खानपान और खराब जीवनशैली के कारण मोटापा एक गंभीर समस्या बन चुका है। मोटापा न केवल देखने में खराब लगता है, बल्कि अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। वजन घटाने के लिए ज्यादातर लोग डाइटिंग करते हैं। वहीं, कुछ लोग तो लंबे समय तक भूखा रहने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसा करना गलत है, क्योंकि इससे वजन कम नहीं होता है, बल्कि शरीर कमजोर पड़ जाता है। वजन घटाने के लिए आपको हमेशा हेल्दी तरीका अपनाना चाहिए। अगर आप भी वजन घटाना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में कुछ ड्रिंक्स को शामिल कर सकते हैं। इन ड्रिंक्स का सेवन करने से वजन कम करने के साथ-साथ गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने में भी मदद कर सकती हैं। आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गर्मियों में वजन घटाने में आपकी मदद कर सकती हैं-



**नींबू पानी:** अगर आप गर्मियों में अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, नींबू में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ को बाहर निकलने में मदद करता है। रोजाना इसके सेवन से वेट लॉस तो होता ही है, साथ ही शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत बनती है।

**नारियल पानी:** नारियल पानी को बेस्ट समर ड्रिंक कहा जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। इसके सेवन पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बच सकते हैं। इससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

**जीरा पानी:** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप जीरा पानी भी पी सकते हैं। दरअसल, इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत बनता है और मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को बर्न करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप रात को एक चम्मच जीरा को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को उबालकर पी लें।

**खीरे का जूस:** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप खीरे का जूस भी पी सकते हैं। इसमें पानी और फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। इसके सेवन से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे तेजी से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, यह शरीर को ठंडक भी पहुंचाता है।

**सौंफ का पानी:** वजन घटाने के लिए आप सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है और शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे शरीर में जमा एक्स्ट्रा चर्बी को कम करने में मदद मिलती है।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन कई राशियों के लिए नए अवसर और सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। मेष राशि वालों के लिए आज का समय सामान्य दिनों की तुलना में बेहतर रहने के संकेत दे रहा है। किसी नए पद या जिम्मेदारी की प्राप्ति से मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। विद्यार्थियों को सफलता पाने के लिए पढ़ाई में पूरा ध्यान लगाना होगा, तभी मनचाहे परिणाम मिलने की संभावना है।

**वृष**
वृषभ राशि वालों के मन में आज प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत रहेगी और अपनी मधुर वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में सफल रहेंगे। आपकी पहचान और सम्मान बढ़ सकता है।

**मिथुन**
मिथुन राशि के लिए आज का दिन धैर्य और संयम से आगे बढ़ने का संदेश दे रहा है। कारोबार में जल्दबाजी में कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचना ही बेहतर रहेगा। सरकारी योजनाओं या सुविधाओं का लाभ भी आपको मिल सकता है।

**कर्क**
कर्क राशि के लिए आज का दिन उत्साह और उपलब्धियों से भरा हो सकता है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।

**सिंह**
सिंह राशि के लिए आज का दिन विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों के लिए अच्छा साबित हो सकता है। आपको अपनी पसंद का काम मिलने की संभावना है और मेहनत के बल पर आप एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**कन्या**
कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन सफलता और संतोष का अनुभव कराने वाला रहेगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में भी मधुरता आएगी। कोई पुराना लेनदेन चुकता करना पड़ सकता है।

**तुला**
तुला राशि के लिए आज का दिन करियर के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने से राहत और खुशी दोनों मिलेगी। आपकी किसी मनोकामना की पूर्ति भी हो सकती है।

**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि वालों के आसपास आज का वातावरण काफी सकारात्मक और खुशनुमा बना रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में सफल रहेंगे और आपके किसी सहयोगी का सहयोग भी आपको समय पर मिल सकता है।

**धनु**
धनु राशि के लिए आज का दिन प्रगति और जिम्मेदारियों के संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है और आपके पद या आय में वृद्धि के योग भी बन सकते हैं।

**मकर**
मकर राशि वालों के लिए आज का दिन रचनात्मक कार्यों में आगे बढ़ने का अवसर लेकर आ सकता है। आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप किसी जरूरतमंद की मदद के लिए भी आगे आ सकते हैं।

**कुंभ**
कुंभ राशि के लिए आज का दिन खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह दे रहा है। आपको अपने आसपास मौजूद विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है और किसी अजनबी की बातों में आकर निवेश करने से बचना चाहिए।

**मीन**
आज का दिन किसी बड़ी उपलब्धि का संकेत दे रहा है। आपके पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है और कामकाज के क्षेत्र में कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। सहयोगियों का साथ आपको मिलेगा, जिससे कार्यों को पूरा करना आसान रहेगा।

### राजस्थान दिवस पर

# टोंक में स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत, चतुर्भुज तालाब पर अधिकारियों ने किया श्रमदान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं नगर परिषद की ओर से जिला स्तरीय स्वच्छता सप्ताह अभियान का शुभारंभ शनिवार को चतुर्भुज तालाब पर श्रमदान कर किया गया। स्वच्छता सप्ताह अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ पशुराम धानका, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, अधिशाषी अभियंता विवेकानंद, फतेह सिंह, सचिव अमर सिंह गुर्जर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने चतुर्भुज तालाब के आस पास साफ-सफाई कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया।

जिला कलेक्टर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पार्क, तालाब, मंदिर सहित सार्वजनिक स्थानों पर प्लास्टिक और गंदगी नहीं फैलाएं। किसी भी खाद्य पदार्थ का उपयोग करने के बाद निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में ही डालें। जनसहभागिता से ही स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। इस दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ने कहा कि स्वच्छता से मानसिक एवं शारीरिक प्रभाव पड़ता है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने शहर, गांव, मोहल्ले एवं आस पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही भावी पीढ़ी को स्वच्छता को रोजमर्रा के जीवन में अपनाने की सीख दें।

सीईओ ने बताया कि राजस्थान दिवस के अवसर पर श्रमदान कर स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया गया है। राजस्थान दिवस के अवसर पर 15 मार्च से 19 मार्च तक जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आज होंगे यह आयोजन

सीईओ ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह की श्रंखला में रविवार को विकसित राजस्थान रन का आयोजन जिला खेल स्टेडियम से प्रारंभ होकर पटेल सर्किल तक रहेगा। साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला, निबंध, भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उपखंड देवली में उद्योग विभाग की और से ओडीओपी प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रहेगी।



## घर से ग्राइंडर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त, हिस्ट्रीशीटर समेत 2 गिरफ्तार

# टोंक में मकान से चल रहा था नशे का कारोबार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( पुरूषोत्तम जोशी )।** जिले को नशा मुक्त करने के अभियान में डीएसटी टीम की ओर से कार्रवाई की गई। इसमें हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी से करीब 3 लाख रुपए की कीमत का 21 किलो डोडा पोस्त बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। मामला टोंक के लांबाहरिसिंह थाना क्षेत्र के सिन्दोलिया का शुक्रवार का है। पुलिस एनडीपीएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### आस पास के इलाकों में करते थे तस्करी

जिला स्पेशल टीम के प्रभारी ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि आरोपी लगातार अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त की सप्लाई कर रहे थे। ये मालपुरा, टोडारायसिंह, पचेवर, लांबाहरिसिंह इलाके तस्करी करते थे।

मौके से आरोपियों के कब्जे से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, डोडा पोस्त को पीसने के काम में आने वाली मिक्सर ग्राइंडर, खरीद फरोख्त के 2 हजार रुपए और 2 मोबाइल जब्त किए हैं। डोडा पोस्त लाने के नेटवर्क की गहनता से जांच जारी है।

जिला स्पेशल टीम के प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि एस पी राजेश कुमार मीना के निर्देश पर नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आए दिन की जा रही है। इसके लिए छ्रस्न्ञ टोंक मुखबिर और तकनीक स्रोतों को बेहतर काम में लिया जा रहा है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

जिला स्पेशल टीम के प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि सिन्दोलिया निवासी हिस्ट्रीशीटर शंकर (42) पुत्र रामदेव कुम्हार , भंवरलाल (25) पुत्र रूप नारायण जाट निवासी बागड़ी पुलिस थाना लांबा हरि सिंह शामिल हैं। इन आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। ताकि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सके।

## विशाल रक्तदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिलांचल निवाई ईकाई के तत्वावधान में भगवान महावीर के 2625 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर अग्रवाल सेवा सदन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संचालक शशी सोगाणी व ममता सांवलिया ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के सहयोग से रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल युवा परिषद के महामंत्री राहुल बोहरा ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला महासमिति की रेखा जैन द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार शिविर का उद्घाटन अग्रवाल युवा परिषद द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार चित्रावरण लालचन्द कठमाणा एवं दीप प्रज्जवलन मोहित चंवरिया द्वारा किया जाएगा।

## गैस एजेंसियों को नियमानुसार आपूर्ति के निर्देश

# जिला कलक्टर और एसपी ने किया गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** वर्तमान में मध्य पूर्व एशिया में जारी संघर्ष के मध्यनजर एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अवैध संग्रहण और कालाबाजारी की निगरानी के लिए जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने शनिवार को जिला मुख्यालय के बुंदेल गैस एजेंसी, छावनी रोड का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैस एजेंसी के सॉफ्टवेयर और सिस्टम में एलपीजी गैस सिलेंडर बुकिंग एवं डिलिवरी की अपडेट स्थिति को देखा। उपस्थित उपभोक्ताओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई, जिसमें अधिकतर समस्या बुकिंग से संबंधित थी। यह समस्या सर्वर डाउन होने के कारण उत्पन्न हो रही थी। गैस एजेंसी संचालक ने बताया गया कि उनके पास सप्लाई समुचित रूप से प्रतिदिन नियमित रूप से आ रही है।

मौके पर जिला कलक्टर ने आमजन को बुकिंग के संबंध में धैर्य रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि बुकिंग के अनुसार सप्लाई नियमित रूप से हो रही है। किसी प्रकार का पैनिक करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने गैस एजेंसी के संचालक को निर्देशित किया है कि वह नियमानुसार बुकिंग एवं डिलिवरी सुनिश्चित करें। साथ ही वास्तविक पंजीकृत उपभोगता को ही ओटीपी के माध्यम से घरेलू गैस सिंलेडर की होम डिलिवरी की जाए।

जिला कलक्टर ने जिला रसद अधिकारी इन्द्रपाल मीना को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति में परेशानी आने पर हेल्प लाईन नं. 112, 14435 व 181 पर शिकायत दर्ज करा सकते है। इस संबंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करनें के निर्देश दिए। निरीक्षण में उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया एवं रसद विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहें।



# अवैध पेयजल कनेक्शनों से गांवो की पेयजल आपूर्ति में हो रहा है व्यवधान



निवाई। श्योसिंहपुरा में अवैध पेयजल कनेक्शन के लिए गढडा खोदते हुए ग्रामीण।

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** श्योसिंहपुरा गांव में बरोनी सिरस सडक़ के समीप गड्ढा खोदकर बीसलपुर पेयजल योजना की पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन करने से गांवो की पेयजल आपूर्ति में व्यवधान बना हुआ है। गांव में सडक़ सहारे कई लोगों ने अवैध कनेक्शन कर रखे हैं। हनुमानप्रसाद योगी ने भी गहरा गड्ढा खोदकर पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन कर लिया। अवैध कनेक्शन करने वाले ने वहां पानी भरने को लेकर बालिका कल्पना योगी को भी गली-गलोच की। पप्पूलाल योगी ने बीसलपुर पेयजल योजना के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर अवैध कनेक्शन हटाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मॉडल स्कूल मे प्रवेश की अंतिम तिथि 16 मार्च

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में सत्र 2026-27 में कक्षा 1 से 9 में रिक्त सीटों प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसकी अंतिम तिथि 16 मार्च है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि कक्षा 1 से 9 में इच्छुक आवेदक प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 16 मार्च तक विद्यालय समय में प्रवेश प्रभारी हनुमान प्रसाद गुर्जर, रमेशचंद मीणा व राजवीर चौधरी से संपर्क करके नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र 16 मार्च तक विद्यालय में जमा करवाया सकते है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। कक्षा 1 से 8 के लिए 23 मार्च को चयनित आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। 25 मार्च से 30 मार्च तक चयनित आवेदकों से प्रवेश फॉर्म भरवाए जाएंगे और कक्षा 9 के लिए 18 मार्च को प्रवेश परीक्षा होगी। 23 मार्च को परीक्षा परिणाम जारी होगा एवं 30 मार्च तक चयनित विद्यार्थियों से प्रवेश फॉर्म लिए जाएंगे तथा 1 अप्रैल से नए सत्र की कक्षाओं का विधिवत संचालन होगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 1 में रिक्त 40 सीटों पर प्रवेश एवं कक्षा 2 से 5 तक की कक्षाओं में सीट रिक्त होने पर प्रवेश दिया जाएगा। वैसे ही कक्षा 6 में रिक्त 40 सीटों पर प्रवेश एवं कक्षा 7 से 8 तक की कक्षाओं में सीट रिक्त होने पर प्रवेश दिया जाएगा एवं कक्षा 9 में भी रिक्त होने वाली सीटों पर प्रवेश परीक्षा की मेरिट लिस्ट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा




निवाई। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई।

# श्री चारभुजानाथ मंदिर के जीर्णोद्वार को लेकर किया शिलान्यास

### महामण्डलेश्वर बालकानन्द महाराज व गोपालदास महाराज ने रखा नींव में पत्थर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** जन-जन के आराध्य भगवान चारभुजा नाथ मंदिर में श्री चारभुजा मंदिर जीर्णोद्वार समिति के तत्वावधान में जीर्णोद्वार को लेकर शनिवार की सुबह 9:15 बजे विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद महाराज, संत गोपालदास महाराज व निर्माण समिति सदस्यों ने विधि विधान से मंत्रोचार के साथ शिलान्यास किया। पंडित गिर्राज शर्मा ने पंच शिलाओं की विधिवत पूजा करवाई। इसके बाद भगवान चारभुजा नाथ के जयकारों के साथ शिलान्यास किया गया। इस दौरान महिला श्रद्धालु कीर्तन करती रहीं। मंदिर निर्माण के लिए श्री चारभुजा नाथ मंदिर जीर्णोद्धार समिति बनाई गई है। समिति के सदस्य एडवोकेट महेश शर्मा ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान एक विशाल हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा मंदिर शिखर का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे निर्माण कार्य में करीब 1 करोड रुपए की लागत आने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि महामंडलेश्वर बालकानंद महाराज ने निर्माण कार्य के लिए 51 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर श्याम स्वामी, केदार खण्डेलवाल, विनोद तिवाडी, राजेन्द्र जैन, कमल तिवाडी, एसपी टेलर, बद्रीनारायण पारीक, हनुमानसहाय पारीक, नाथूलाल शर्मा, विनोद खंगार, सीताराम कटारा, रणेन्द्र खंगार, भंवरलाल अग्रवाल, सुभाष चौधरी, सुभाष ईटावा, पवन पाराशर, श्याम शर्मा, अशोक पाराशर, अनिल शर्मा, कुलदीप पारासर, बनवारीलाल शर्मा व चन्द्रप्रकाश खंडेलवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



## जांगिड़ ब्राह्मण समाज की नवनियुक्त कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में 16 मार्च को नव निर्वाचित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष कैलाश चैनपुरा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रामगोपाल सुथार, महासभा के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम पंवार, राजनीतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जांगिड़, कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम जांगिड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष संजय हर्षवाल, भाजपा जिलामंत्री नीलू जांगिड़ होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हनुमानप्रसाद जांगिड़ रानोली करेंगे। समारोह में विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, एडिशनल एसपी सुखदेव जांगिड़, पूर्व सदस्य वित्त विभाग हरिशंकर जांगिड़, टोंक छात्रावास अध्यक्ष कालूराम जांगिड़ एवं कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष परमेश्वर जांगिड़ कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाग लेंगे।

## लोक अदालत में आपसी सहमति से हुआ 263 प्रकरणों का निस्तारण

# लोक अदालतों से समय व धन दोनों की होती है बचत: रविन्द्र प्रताप सैनी

### साढे 76 लाख रुपये से अधिक के अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** अपर जिला एवं सेशन न्यायलय में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 263 मामलों का आपसी राजीनामे के जरिए निस्तारण किया गया। वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सैनी ने पक्षकारों को प्रेरित करते हुए कहा कि लोक अदालत लंबित प्रकरणों को सुलझाने का एक सरल, सुलभ व त्वरित माध्यम है।

उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से विवादों का निस्तारण होने पर पक्षकारों के समय व धन दोनों की बचत होती है तथा समाज में आपसी सौहार्द भी बना रहता है। सदस्य अधिवक्ता कौशलकिशोर जाट ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में 86 प्रकरणों का निस्तारण कर 76 लाख 52 हजार 949 रुपये के अवार्ड पारित किए। इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन के तहत बिजली, पानी, बैंक, बीएसएनएल व जेवीवीएनएल से संबंधित कुल 177 मामलों में समझौता हुआ, जिसके माध्यम से 44 लाख 72 हजार रुपये की वसूली की गई। कार्यक्रम में राजेश मीणा, प्रेमचन्द सैनी, इरफान मोहम्मद, सुरेश शर्मा व गोविन्द शर्मा सहित कई पक्षकार, अधिवक्तागण, बैंक प्रतिनिधि व न्यायिक कर्मचारी मौजूद थे।



## सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों लेकर बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों लेकर रविवार को जैन पैराडाईज में संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। नितिन छाबडा ने बताया कि बैठक में विवाह सम्मेलन की तैयारियों लेकर चर्चा की जाएगी एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। बैठक में संस्थान के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाग लेंगे।

### किसान क्रय विक्रय सहकारी समिति की साधारण सभा की बैठक 17 को

**निवाई।** किसान क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा 17 मार्च को समिति अध्यक्ष अनिता बेनीवाल की अध्यक्षता में झिलाय रोड स्थित समिति प्रांगण में आयोजित होगी। मुख्य व्यवस्थापक विष्णुकुमार जांगिड़ ने बताया कि 17 मार्च को सुबह 11 बजे आयोजित बैठक में गत साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, वित्तीय वर्ष के अंतिम लेखों का अनुमोदन, आगामी प्रस्तावित बजट की स्वीकृति सहित समिति का व्यवसाय बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### राहुल गांधी के बयान 'काल्पनिक सूचनाओं' पर आधारित

# गैस संकट पर कांग्रेस फैला रही भ्रम : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने देश में पेट्रोलियम उत्पादों और गैस की आपूर्ति को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत में पेट्रोलियम उत्पादों को लेकर किसी भी तरह का कोई संकट नहीं है। कांग्रेस पार्टी 'नॉन-इशू' को मुद्दा बनाकर जनता के बीच भ्रम फैलाने का गैर-जिम्मेदाराना प्रयास कर रही है।

शनिवार को मीडिया से बातचीत में शेखावत ने वैश्विक युद्ध की स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण दुनिया भर के देशों के सामने चुनौतियां खड़ी हुई हैं। पड़ोसी देशों की तुलना करते हुए उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में लगभग इमरजेंसी जैसी स्थिति है, जबकि बांग्लादेश में छुट्टियां घोषित कर सरकारी कर्मचारियों को 'वर्क फ्रॉम होम' पर भेज दिया गया है। उन्होंने आंकड़ों के साथ जानकारी दी कि अमेरिका जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में जनवरी के मुकाबले मार्च में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें 22 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं, लेकिन भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न तो कीमतों में एक रुपए की बढ़ोतरी की गई और न ही कहीं कोई किल्लत होने दी गई। सरकार ने प्रो-एक्टिवली काम करते हुए अपने आयात स्रोतों का विस्तार किया। हम पहले 27 देशों से तेल मंगाते थे, लेकिन अब हमने 40 देशों के साथ समझौते कर आपूर्ति सुनिश्चित की है। हमारी सप्लाई लाइन अब गल्फ देशों से आगे बढ़कर अमेरिका तक पहुंच चुकी है।

### विपक्ष और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार

कांग्रेस के प्रदर्शनों पर चुटकी लेते हुए शेखावत ने कहा कि जोधपुर में प्रदर्शन करने वालों के घर जाकर देखना चाहिए कि क्या वहां लकड़ी या कोयले पर खाना बन रहा है? सबके घरों में गैस जल रही है, फिर भी भ्रम फैलाया जा रहा है। राहुल गांधी के बयानों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बातों को अब उनकी अपनी पार्टी भी गंभीरता से नहीं लेती। रूस से तेल आयात के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछले एक साल में भारत के कुल आयात का 22 प्रतिशत हिस्सा अकेले रूस से आया है, जो लगातार जारी है। उन्होंने राहुल गांधी के बयानों को 'काल्पनिक सूचनाओं' पर आधारित बताया।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली आज रहेंगे अलवर दौरे पर



बढ़ता राजस्थान

अलवर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली रविवार को अलवर दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

कार्यक्रमानुसार नेता प्रतिपक्ष जूली प्रातः 10.15 बजे केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दाम बढ़ाने एवं सामाजिक कार्यक्रमों में कॉमर्शियल सिलेण्डर उपलब्ध कराने में विफल रहने के विरोध में नगर पालिका के सामनेए बानसूर विधानसभा में आयोजित प्रदर्शनए प्रातः 11:30 बजे भर्तृहरि धाम में लोक देवता महाराज भर्तृहरि मंदिर में विशेष पूजा अर्चनाएदोपहर 12 बजे भर्तृहरि धाम इंदोक में छिंड सरिस्का फाउंडेशन के शुभारंभ समारोहएदोपहर 2 बजे बस स्टैंड उमरैण में केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दाम बढ़ाने एवं सामाजिक कार्यक्रमों में कॉमर्शियल सिलेण्डर उपलब्ध कराने में विफ्ल रहने के विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे।

### कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की महंगाई और कमी के विरोध में किया पुतला दहन

# मांगलिक कार्यक्रमों, होटल और छोटे व्यापारियों को हो रही भारी परेशानी-संजय यादव

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़। (सुभाष यादव)।** पीसीसी सचिव एवं कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव के नेतृत्व में क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों तथा कमर्शियल गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के विरोध में केंद्र सरकार का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर संजय यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और इसका सीधा असर आम जनता के जीवन पर पड़ रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ने से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग के परिवारों की रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। आम आदमी के लिए घर का खर्च चलाना भी मुश्किल होता जा रहा है, लेकिन सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।



उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण होटल, ढाबे, मिठाई की दुकानें, कैटरिंग व्यवसाय और छोटे व्यापारी गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिलने से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इसके साथ साथ उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों पर तुरंत नियंत्रण किया जाए और आम जनता को राहत दी जाए। साथ ही कमर्शियल गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि व्यापारियों और सामाजिक कार्यक्रमों में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

संजय यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी आम जनता और व्यापारियों के साथ मिलकर इस मुद्दे को लेकर व्यापक जनआंदोलन करेगी।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विफल रही है । पंचायत व नगरपरिषद के चुनाव नहीं करवाना चाहती जबकि दूसरी तरफ गलत परिसीमन और परिसीमन के बाद भी वार्ड में चिन्हित घरों को वार्ड से अलग किया जा रहा है । सफाई कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं दी जा रही लेकिन दूसरी तरफ अतिक्रमण के नाम पर पूरे शहर के दुकानदारों और छोटे व्यापारियों रेहड़ी वालों को परेशान किया जा रहा है ।

इस अवसर पर बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष विकास यादव, माजरी कलां ब्लॉक अध्यक्ष विकास शेखावत, पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी, नेशनल कॉर्डिनेटर शर्मीला यादव, ओबीसी प्रकोष्ठ महासचिव नवीन यादव, पार्षद सुनील चौहान, पार्षद कपिल शर्मा, मंडल अध्यक्ष लीलाराम सैनी, अमित योगी, लेखराम पनवाल, सुभाषचंद, दलीप अधाना, सुभाष जेलर, इमामुद्दीन खान, बलवंत ठेकेदार, चौखराम, अनिल वाल्मीकि, सचिन एडवोकेट, हमेश पटेल, कैलाश, गुलाबचंद प्रजापत, हरदयान गुर्जर, लाला पहलवान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सोनम वांगचुक जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा, केंद्र सरकार ने हटाया नेशनल सिक्योरिटी एक्ट



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता , पर्यावरणविद् और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर नेशनल सिक्योरिटी एक्ट हटाने के बाद उन्हें जोधपुर सेंट्रल जेल से शनिवार दोपहर रिहा कर दिया गया । केंद्र सरकार ने आज ही सोनम वांगचुक पर से नेशनल सिक्योरिटी एक्ट ( एनएसए ) हटाया था । इसके बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया । हालांकि एक दिन बाद ही इस मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन उससे पहले केंद्र सरकार ने एनएसए वापस हटा लिया ।जेल से वांगचुक को लेने उनकी पत्नी गीतांजलि आई थी । कागजी कार्रवाई के बाद दोनों साथ में बाहर निकले ।

जानकारी के अनुसार केंद्र के नेशनल सिक्योरिटी एक्ट हटाने के बाद शनिवार को सवेरे सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जोधपुर जेल पहुंची । इसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी की गयी । दोपहर बाद सोनम वांगचुक और उनकी पत्नी गीतांजलि एक निजी गाड़ी से जेल से निकले। इधर सोशल मीडिया पर वांगचुक की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। वांगचुक ने स्पष्ट किया कि लद्दाख के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटूट है । उन्होंने लिखा , ' मैं सक्रियता से पीछे नहीं हटा हूं । हमारा संघर्ष लद्दाख की सुरक्षा , गरिमा और भविष्य के लिए था और आगे भी रहेगा। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि द्वारा दायर याचिका पर 170 दिन बाद 17 मार्च को सुनवाई होनी थी। गृह मंत्रालय के बयान के मुताबिक , लद्दाख में शांति , स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल बनाने के लिए वांगचुक हिरासत खत्म करने का निर्णय लिया गया है।

## राजस्थान पुजारी महासंघ की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** राजस्थान पुजारी महासंघ के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र पंडित की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया की आने वाली 19 मार्च 2026 को विक्रम संवत 2083 के शुभ अवसर पर एक भव्य विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर पुजारी महासंघ के पदाधिकारी मोनू शर्मा योगानंद शर्मा विवेक गुरु योगेश शर्मा महेश चंद शर्मा एवं सभी सदस्य इस भव्य कलश यात्रा में अपनी वेशभूषा में कलश यात्रा के साथ चलेंगे जो की बैंड बाजे के साथ मथुराधीश मंदिर से प्रातः 11 बजे रवाना होकर राजर्षि अभय समाज के रंग मंच पर संपन्न होगी इस भव्य कलश यात्रा में 251 महिलाएं कलश लेकर बैंड बाजे के साथ अपने सिर पर कलश रखकर मुंशी बाजार त्रिपोलिया बाजार होप सर्कस घंटाघर पंसारी बाजार होते हुए अभय समाज रंग मंच पर पहुंचेगी इसके उपरांत अभय समाज रंग मंच पर संतो के आशीर्वचन एवं भगवान की आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### राजस्थान प्रदर्शनी के उद्घाटन पर बोले केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

# आजादी के बाद 60-65 वर्षों में संस्कृति को सबसे अधिक नुकसान हुआ

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि हजारों वर्षों तक चले विदेशी आक्रमणों और लगभग दो सौ साल की अंग्रेजी गुलामी के दौरान जितना नुकसान भारत की संस्कृति और परंपराओं को नहीं हुआ, उससे कहीं अधिक क्षति आजादी के बाद के 60-65 वर्षों में हुई। हालांकि अब देश एक नए सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर में प्रवेश कर रहा है और अदम्य जिजीविषा के बल पर भारत एक बार फिर मजबूती से खड़ा होने के लिए तैयार है।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत ने कुलगुरु प्रो. पवन कुमार शर्मा के सानिध्य में उद्घाटन किया और प्रदर्शनी में श्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले प्रतिभागियों को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। शनिवार को जोधपुर स्थित जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में आयोजित 'भारत की विश्व विरासत: राजस्थान' प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शेखावत ने कहा कि भारत आज अपनी सांस्कृतिक पहचान और विरासत को पुनर्स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



इस दौर में राष्ट्रीय अभिलेखागार और सांस्कृतिक धरोहरों से जुड़े आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं।उन्होंने कहा कि देश के अभिलेखागारों में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अन्य उच्च पदों के बीच हुए सरकारी पत्राचार के साथ-साथ निजी पत्रों के भी करोड़ों पृष्ठ सुरक्षित हैं। इन दस्तावेजों को राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल वर्तमान पीढ़ी ही नहीं, अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं। शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर व्यापक डिजिटलीकरण कार्यक्रम का भी जिक्र किया , जिसमे। प्रतिदिन लाखों पृष्ठों को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा रहा है।

उन्होंने भारत की प्राचीन पांडुलिपि परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में हजारों वर्षों से विद्वानों ने ताड़पत्र, भोजपत्र, पेड़ों की छाल और रेशमी कपड़ों पर ज्ञान को लिपिबद्ध किया। ये पांडुलिपियां विभिन्न भाषाओं और लिपियों में लिखी गई हैं, और भारत की बौद्धिक विरासत की अनमोल निधि हैं।

# राजस्थान बना एक आपराधिक अड्डा,यूपी जैसा हो शासनः गोगामेड़ी

## 29मार्च को इंसाफ के लिए सर्वसमाज करेगा मुख्यमंत्री आवास का घेराव!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आई श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्री राजपूत छात्रावास में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि राजस्थान की धरती अपराधियों का अड्डा बन गई है।यहाँ का नागरिक साँसे भी भय के साए में ले रहा।यहाँ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तर्ज पर कार्यवाही हो।जिससे अपराधियों में डर का माहौल पैदा हो सके। गोगामेड़ी ने बताया कि मेरे परिवार पर दो वर्ष तीन माह पूर्व अपराधियों ने धोखाधड़ी से हमला कर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या कर दी थी। लेकिन आज तक उनको राजस्थान सरकार इंसाफ नहीं दे सकी है। एनआई ने अभी तक क्या किया है हत्यारे अपराधी विदेश में मौज उड़ा रहे हैं, लेकिन एनआई कुछ नहीं कर रही।उन्होंने कहा कि राजस्थान में उत्तर प्रदेश जैसा शासन हो जिससे आम नागरिक आजादी से जी सके। गोगामेड़ी ने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती चाहे वह किसी भी जाति का क्यों ना हो।




यदि सरकार द्वारा अपराधियों को विदेश से लाकर फ़ास्ट ट्रेक अदालत में मौत की सजा नहीं दिलवाई तो 29मार्च 2026को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आवास का सर्वसमाज घेराव करेगा। उन्होंने कहा कि मैं फ़रियाद लेकर आपके बीच आई हूँ यदि इंसाफ नहीं मिला तो मैं वहीं आत्मदाह कर लूँगी। गोगामेड़ी ने कहा कि श्री राजपूत समाज सहित सर्वसमाज का निर्णय क्या है यह फैसला सर्वसमाज पर छोड़ती हूँ।गोगामेड़ी ने यूजीसी के सवाल पर कहा कि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने तो इस बिल के विरोध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला भी दहन किया था। लेकिन यूजीसी बिल अब क़ानून बन चुका है। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना बिल में आवश्यक संशोधन क़रने की बात पर जोर दे रही है।




कार्यक्रम से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का माला पहनाकर व सॉल ओढाकर सम्मान किया गया। वहीं श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभयसिंह शेखावत का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया।इस मौके 2017में विधानसभा घेराव के दौरान जेल गए ऋषिराज सिंह व भीमसिंह का भी माला पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।वहीं स्थानीय कार्यकर्त्ताओं ने गोगामेड़ी को आश्वासन दिया कि जहाँ कहीं भी संगठन को हमारी आवश्यकता होगी हम सदैव आगे मिलेंगे।इस मौके पर श्री राजपूत शिक्षा समिति के अध्यक्ष पूर्णसिंह शेखावत,कोटपूतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष प्रतापसिंह कौथल,जिला प्रवक्ता ओमपाल राज चौहान,शहर अध्यक्ष पुष्पेंद्रसिंह, योगेशसिंह बिडाला, कृष्णसिंह, पिंकूसिंह राघव, सुरेन्द्रसिंह चौहान,रघुवीर सिंह शेखावत,पिंकूसिंह,ओमपालसिंह, सुरेन्द्रसिंह,सोनूसिंह, संदीपसिंह, ऋषिराजसिंह,भीमसिंह, धर्मवीरसिंह,रणजीतसिंह,पृथ्वीसिंह,खड़कसिंह सहित श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भिखारी का विश्वास...

रूपक शर्मा

ये जरूरी नहीं कि विश्वास सिर्फ रिश्तों में या फिर मन्दिर या मज्जिद में उस परमपिता में नजर आए,विश्वास की अपनी मर्यादाएं हैं वो वहीं नजर आता है जहां आस्था प्रबल हो,एक छोटी सी कहानी से समझिऐगा। एक दिन एक सेठ को रात को नींद नहीं आई रात दो बजे उसे बैचेनी सी भी महसूस होने लगी थी पास सोई हुई पत्नी भी जाग उठी। उसे लगा शायद पेट में गैस बन गई होगी इसलिए पत्नी ने चूर्ण दे दिया,थोड़ा आराम मिला तो सेठ ने सोचा थोड़ा टहल लेता हूं। जैसे ही वो अपने कमरे से बाहर निकला बाहर मेज पर रात की बची हुई रोटियां और सब्जी रखी हुई थी उसने सोचा घर से बाहर निकलता हूं टहलने का टहलना हो जाएगा और ये गाय को दे आऊंगा। सेठ जैसे ही अपने घर से बाहर निकला उसे एक पेड़ के नीचे बैठा एक आदमी दिखाई दिया। सेठ ने पास जाकर देखा तो एक भिखारी था,सेठ ने पूछा तुम रात को यहां क्या कर रहे हो,तो भिखारी बोला सेठजी आज सुबह से कुछ खाया नहीं इसलिए शरीर में हिम्मत भी नहीं रही सो,यहां ही सो गया पेड़ के नीचे पानी पीकर। सेठ ने रोटी और सब्जी निकाली और भूखे भिखारी को खिला दी। भोजन से अपना उदर तृप्त करने के बाद भिखारी ने सेठ को प्रणाम किया। सेठ ने अपना विजिटिंग कार्ड जेब से निकाला और भिखारी को देते हुए कहा कि अब कभी भूखे मत सोना, ये मेरा कार्ड लो और कभी भूख लगे तो घर आ जाना। दोस्तों जानते हो भिखारी ने सेठ को क्या बोला?



भिखारी मुस्कुराया और बोला सेठजी,अपना कार्ड रख लो जिसने रात ढाई बजे तुम्हे जगाकर मेरा पेट भरा है मुझे उस पर तुम से अधिक विश्वास है। वो जहां भी है जैसा भी है लेकिन मेरा परमात्मा है। तुम आए नहीं बल्कि भेजे गए हो। तुम्हारा कार्ड तो मुझसे कहीं ना कहीं गुम हो जाएगा लेकिन जो विश्वास रूपी कार्ड परमात्मा का मेरे पास है वो कहीं गुम नहीं होगा। ये प्रबल विश्वास है ईश्वर के प्रति।

मित्रों, ऐसा नहीं है कि मन्दिरों में पण्ड़ित और मज्जिदों में मौलवी ही ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था व प्रबल विश्वास का पाठ पढ़ा सकते हैं,यदि सच्ची आस्था हो उस महामालिक के प्रति तो एक भिखारी से भी सीखा जा सकता है कि विश्वास सच में कैसा होना चाहिए। ये कहानी चाहे मनगढ़ंत ही सही लेकिन बहुत कुछ संदेश देती है। हम किसी के लिए कुछ करते हैं और यदि उस करने में अहंकार हो रहा हो तो ये कहानी दोहरा लीजिए क्योंकि हम कुछ नहीं करते बल्कि ईश्वर हमसे करवाता है।

## श्रीराम नानोडी धाम में 18 से 26 मार्च तक चैत्र नवरात्रि महोत्सव की रहेगी धूम




बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** श्रीराम नानोडी धाम में 18 से 26 मार्च तक होने वाले चैत्र नवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम को लेकर मंदिर कमेटी द्वारा शुक्रवार को मंदिर परिसर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई ।जानकारी देते हुए आचार्य आशीष शर्मा,मोहनदास महाराज व आचार्य संजय शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम नानोडी धाम में चैत्र नवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा ।

क्षेत्रवासियों से मिली जानकारी के अनुसार बालाजी महाराज नानोडी धाम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले इस जगह आये दिन कोई ना कोई हर दिन हादसा होता रहता था ।लेकिन दादा बजरंगबली जब से इस जगह विराजमान हुए हैं तब से अब तक कोई भी हादसा नहीं हुआ है ।दादा बजरंगबली की असीम कृपा सदा लोगों पर बनी रहती है ।कहते हैं ना चमत्कार को नमस्कार हैं आज हर दिन श्रीराम नानोडी धाम में सैकड़ों की संख्या में भक्त लोग आते है और बजरंगबली उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

### कार्यक्रम....

18 मार्च सुबह 7:15 बजे कंहोड़ा हनुमान मंदिर परिसर से श्रीराम नानोडी धाम तक भव्य विशाल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी।

18 मार्च से 26 मार्च तक रोजाना शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्रीरामकथा वाचन श्री रामदास जी महाराज वृन्दावन द्वारा किया जाएगा।

25 मार्च को सुबह 10:15 बजे से लेकर प्रभु इच्छा तक देशी घी का भंडारा का आयोजन व रात्रि जागरण महंत गुलाब नाथ जी महाराज के भजनों की रस धारा से किया जाएगा।

26 मार्च को दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शाम को भव्य झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## पौधरोपण कर डिप्टी डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार का किया फेयरवेल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** शनिवार को शूकर फार्म अलवर मैं डॉ संजय कुमार उपनिदेशक शूकर फार्म अलवर को राज्य सरकार द्वारा पदोन्नत पश्चात् अतिरिक्त निदेशक प्रशासन एवं प्रशिक्षण पशुपालन विभाग राजस्थान जयपुर के पद पर पदस्थापित किया गया । इस परिलक्ष्य में वाइल्डलाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर द्वारा उनकी विदाई समाहारो के उपलक्ष्य में साफा पहना कर एवं वट वृक्ष भेंट कर शूकर फार्म अलवर में वट वृक्ष रोपित किया गया ।

टीम द्वारा वट वृक्ष भांति जनहित में डॉ संजय कुमार से कार्य करने की अपेक्षा की गई । इस उपलक्ष्य पर संस्था अध्यक्ष विवेक जायसवाल व संस्था के संरक्षक शशांक झालानी ने डॉ संजय कुमार के कार्यों की



सराहना करते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की । इस मौके पर टीम के सदस्य संजय शर्मा , कपिल सैनी , रोमी शर्मा , धर्मवीर सैनी , डॉ गौरांग शर्मा , व पप्पू द्वारा वृक्षारोपण किया गया । डॉ संजय कुमार द्वारा टीम अध्यक्ष विवेक , टीम के संरक्षक शशांक झालानी व टीम के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में किए गए कार्यों की सहराना की । व भविष्य में पशु कल्याण , पर्यावरण हित में कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।

# निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग पर भीषण हादसाः पिकअप और कंटेनर की टक्क र में 2 की मौत, 15 से अधिक श्रद्धालु घायल

## मंगलवाड़ रोड ने फिर लील ली कई जिंदगीया निकुम्भ थाना क्षेत्र के वागन नदी पुलिया पर हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग की जर्जर सड़क एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। शुक्रवार रात करीब 8 बजे निकुंभ थाना क्षेत्र में वागन नदी की पुलिया पर एक कंटेनर और पिकअप वाहन की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में पिकअप चालक सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक महिला श्रद्धालु और बच्चे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पिकअप में सवार सभी महिलाएं और बच्चे प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी तहसील के बंबोरी गांव के निवासी थे। वे उदयपुर के मावली स्थित दशा माता मंदिर में दर्शन करने के बाद वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान निकुंभ थाना क्षेत्र में नपावली के पास वागन नदी की पुलिया पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर से पिकअप की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप चालक ओंकार सिंह तथा प्रतापगढ़ निवासी झूमा कंवर (45) पत्नी लोकेंद्र सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना में घायल कंटेनर चालक को निकुंभ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज निंबाहेड़ा जिला अस्पताल की इमरजेंसी में किया गया। कुछ घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि जैसे ही पिकअप वागन नदी की पुलिया पर चढ़ी, उसी समय सामने से तेज रफ्तार में आ रहा कंटेनर ओवरटेक करने की कोशिश में अचानक दूसरी लेन में आ गया।

इससे सामने से आ रही पिकअप से सीधी टक्कर हो गई और पिकअप में सवार यात्री इसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग लंबे समय से खड्डों में तब्दील हो चुका है और यहां पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक सड़क की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं होता, तब तक कम से कम गड्डों की मरम्मत कराई जाए ताकि दुर्घटनाओं पर कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सके।

स्थानीय निवासियों ने क्षेत्रीय विधायक से भी आग्रह किया है कि सड़क निर्माण कार्य को जल्द गति दी जाए, क्योंकि खराब सड़क के कारण क्षेत्र की जनता लंबे समय से परेशान है। लोगों को उम्मीद है कि उदयपुर-मंगलवाड़ से निंबाहेड़ा तक सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होकर तेजी से पूरा किया जाएगा। इस बीच प्रशासन और स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से अपील की है कि इस मार्ग पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, गति नियंत्रित रखें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

---

परी कोठारी ने राष्ट्रीय यूथ फेस्टिवल में जीता तृतीय स्थान

## चेन्नई में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय की प्रतिभा का परचम

बढ़ता राजस्थान




**अजमेर (मोहित जैन)।** महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर की छात्रा परी कोठारी ने चेन्नई में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वाग्मिता (इलोक्यूशन) प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ाया है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में जनवरी माह में आयोजित 'दिग्नाद-2026' युवा महोत्सव में विजयी प्रतिभागियों में शामिल परी कोठारी ने पहले वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल, आणंद (गुजरात) में भाग लेकर वाग्मिता प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इसी उपलब्धि के आधार पर उन्होंने सत्यभामा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई द्वारा 10 से 14 मार्च 2026 तक आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल 2025-26 (यूनिफेस्ट) में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभागियों के बीच परी कोठारी ने अपने प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी राष्ट्रीय मंचों पर इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुभाष चन्द्र तथा कुलसचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने भी छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि परी कोठारी की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और इससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

## परमाणु ऊर्जा विभाग की 40वीं बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुष्कर टीम विजेता

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** परमाणु ऊर्जा विभाग की 40वीं बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष युगल वर्ग में पुष्कर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पुष्कर टीम के खिलाड़ी गिरधारी लाल जाट और राम दयाल मीणा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कोणार्क टीम को पराजित कर विजय प्राप्त की। फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गिरधारी लाल जाट को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी शानदार खेल प्रतिभा और समर्पण की सभी ने सराहना की। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर गिरधारी लाल जाट, राम दयाल मीणा और चंद्रशेखर शर्मा का चयन परमाणु ऊर्जा विभाग की राष्ट्रीय टीम में किया गया है। खिलाड़ियों के इस चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

पुष्कर टीम के खिलाड़ियों के परमाणु ऊर्जा विभाग की राष्ट्रीय टीम में चयनित होने पर भारी पानी मनोरंजन केंद्र समिति के सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने संभाला कार्यभार; बोले- अपराध नियंत्रण होगी प्राथमिकता



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने शनिवार अपराह्न एसपी कार्यालय पहुँचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। राज्य सरकार द्वारा देर रात जारी की गई आईपीएस तबादला सूची में उन्हें कोटा कमांडेंट (द्वितीय बटालियन आरएसी) से स्थानांतरित कर बूंदी एसपी के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने आईपीएस राजेंद्र कुमार मीणा का स्थान लिया है, जिन्हें अब जयपुर में पुलिस अधीक्षक (इंटेलिजेंस) के पद पर तैनात किया गया है।

**गर्मजोशी से हुआ स्वागत**

एसपी कार्यालय पहुँचने पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने नए कप्तान का गर्मजोशी से स्वागत किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर जिले की ओर से अगवानी की। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद एसपी शर्मा ने वहां तैनात पुलिसकर्मियों व अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

**बूंदी से है पुराना नाता, अनुभव का मिलेगा लाभ**

2016 बैच के आईपीएस अधिकारी अवनीश कुमार शर्मा के लिए बूंदी जिला नया नहीं है। उन्हें जिले की भौगोलिक स्थिति और जमीनी हकीकत का गहरा अनुभव है।वे पूर्व में जिले के नैनवां में पुलिस उपाधीक्षक रह चुके हैं। इससे पहले वे बूंदी सीईओ के पद पर भी अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। स्थानीय स्तर पर उनके इस पुराने अनुभव से जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

**प्राथमिकताएँ:पारदर्शी प्रशासन और जनसुनवाई**

पदभार संभालने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए एसपी अवनीश कुमार शर्मा ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई मेरी मुख्य प्राथमिकता रहेगी। पुलिस प्रशासन को और अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और प्रभावी बनाया जाएगा ताकि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय का संकल्प चरितार्थ हो सके।

---

चिलचिलाती धूप में गांव की डगर पर पैदल निकला मंत्री मदन दिलावर का काफिला

## जनसेवा की साधना है मेरी पदयात्रा - मंत्री मदन दिलावर

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी/कोटा।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में निकाली जा रही चार दिवसीय जनहिताय-जन सुखाय पदयात्रा के दूसरे दिन शनिवार को चिलचिलाती धूप के बीच गांवों की डगर पर पदयात्रा जारी रही। यात्रा का शुभारंभ सुबह 8 बजे ग्राम सोहनपुर से हुआ।

ग्राम सोहनपुर में मंत्री मदन दिलावर ने जंगल जलेबी के प्राचीन वृक्ष के नीचे बैठकर ग्रामीणों की जनसुनवाई की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में नाली नहीं होने से पानी भरने और कीचड़ की समस्या बताई। इस पर मंत्री दिलावर ने मौके पर ही समाधान की घोषणा करते हुए इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण के लिए विधायक कोष से 10 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की।

पदयात्रा के दौरान मंत्री दिलावर ने कहा कि यह यात्रा जनता की समस्याओं को नजदीक से समझने और उनका समाधान करने के लिए निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही मेरी साधना है और पदयात्रा के माध्यम से लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है।यात्रा के दूसरे दिन लाडपुरा पंचायत समिति के प्रधान हेमंत यादव, मंत्री के सुपुत्र दीपक दिलावर, कोटा नगर निगम के पार्षद डॉ. आर.डी. वर्मा, लाडपुरा के खंड विकास अधिकारी शैलेश रंजन, तहसीलदार लाडपुरा, नायब तहसीलदार मंडाना, भाजपा नेता नितिन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी रूप सिंह मीणा तथा जल संग्रहण एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता उमेश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी पदयात्रा में शामिल रहे।

## मोटरसाइकिल चोर को मोटरसाइकिल सहित रंगे हाथ पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**खातौली( मुकेश गोस्वामी )।** कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोटा ग्रामीण पुलिस एक्शन मोड में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस की सक्रीयता से खातौली कस्बे से सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल चोरी कर ले जा रहे चोर का पीछा करते हुए को 15 किलोमीटर दूर मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले से पड़कर मोटरसाइकिल सहित चोर को गिरफ्तार किया। खातौली पुलिस थाना सीआई देशराज गुर्जर ने बताया खातौली कस्बे के पुराने अस्पताल के सामने से सरताज पुत्र नसरुद्दीन उर्फ जफरुद्दीन जाति मुसलमान निवासी वार्ड नंबर 10 हनुमान मंदिर के पास श्योपुर मध्यप्रदेश को खातौली कस्बे से चुराई गई मोटरसाइकिल आरजे 20 पीएस 8221 जप्त कर चोरी की मोटरसाइकिल सहित रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया वहीं पुलिस रिमांड लेकर अभियुक्त से पूछताछ की गई तो मध्यप्रदेश से चोरी करना कबूल किया है आगे की कार्रवाई के लिए अनुसंधान जारी हे।

## गणेशगंज से कोलाना तक स्टेट हाईवे बदहाल, गड्ढों से भरी सड़क हादसों को दे रही न्योता

बढ़ता राजस्थान



**इटावा (मुकेश गोस्वामी)।** इटावा-कोटा स्टेट हाईवे पर गणेशगंज से कोलाना तक का सफर इन दिनों बेहद खतरनाक बन गया है। सड़क जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग लगातार दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है और आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। करीब 15 मिनट में तय होने वाला यह रास्ता खराब सड़क के कारण अब लगभग एक घंटे में पूरा हो रहा है। गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्ते की वजह से वाहनों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन एम्बुलेंसों को हो रही है जो मरीजों और डिलीवरी के लिए गर्भवती महिलाओं को लेकर कोटा जाती हैं। खराब सड़क के कारण एम्बुलेंसों को भी इस मार्ग से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे मरीजों की जान को भी खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क की हालत लंबे समय से खराब है, लेकिन अब तक न तो किसी राजनीतिक प्रतिनिधि और न ही किसी प्रशासनिक अधिकारी ने इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया है। यह स्टेट हाईवे पक्की सड़क होने के बावजूद अब कच्ची सड़क से भी बदतर स्थिति में पहुंच चुका है।

## वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, आपसी समझाइश से टूटे परिवारों को मिलाया

1.84 लाख से अधिक मामलों का आपसी समझाइश से निस्तारण



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आगाज हुआ। त्वरित न्याय और आपसी भाईचारा के मूल मंत्र के साथ आयोजित इस अदालत में जिले भर में कुल 12 बेंचों का गठन किया गया, ताकि लंबित मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके।

**हजारों मामलों का हुआ चयन**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सरिता मीना एवं स्ष्ट/स्ञ्ज कोर्ट के न्यायिक अधिकारी डॉ. संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला मुख्यालय पर कुल 5 बेंच गठित की गई हैं। सिविल कोर्ट के मामले रेवेन्यू कोर्ट के लंबित व प्री-लिटिगेशन 1,84,029 मामलों को निस्तारित किया गया। इसके अलावा पारिवारिक विवाद, धारा 125 (भरण-पोषण) और चेक बाउंस जैसे अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर भी समझाईश की गई।

**नन्ही बच्ची को मिला माता-पिता का साथ**

लोक अदालत की सबसे सुखद फैसला फैमिली कोर्ट से सामने आया। यहाँ पिछले 8 माह से चल रहे पति-पत्नी के विवाद में बेंच ने प्रभावी काउंसलिंग की। आपसी समझाइश के बाद दोनों साथ रहने को राजी हो गए। इस राजीनामे से उनकी नन्ही बच्ची को पुनः अपने माता-पिता का प्यार और संरक्षण नसीब हुआ।

---

संगीत के सुरों में बही राष्ट्रभक्ति की धारा, कोटा विश्वविद्यालय में संगीतमय स्वरांजलि

## देशभक्ति के राग में डूबा कोटा विश्वविद्यालय सभागार, 'शताब्दी स्वर-वंदे मातरम' ने जगाई राष्ट्रीय चेतना

संगीत राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों को जोड़ने का माध्यम : कुलगुरु सारस्वत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शास्त्रीय संगीत की मधुर लय, सुरों की गूंज और शब्दों में रची-बसी राष्ट्रभक्ति की भावधारा ने शनिवार को कोटा विश्वविद्यालय परिसर को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'शताब्दी स्वर-वंदे मातरम्' कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियों ने श्रोताओं के हृदय में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित फार्मेसी विभाग के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत की गंभीरता और देशभक्ति के ओजस्वी भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

स्वर, लय और भावों की समन्वित प्रस्तुति ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रस से सराबोर कर दिया। डीन पीजी स्टडीज प्रो. घनश्याम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ संघ प्रचारक राजेन्द्र द्विवेदी रहे, जबकि अध्यक्षता कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने की। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित गौतम काले (इंदौर) एवं उनके समूह तथा डॉ. पामिल मोदी एवं उनके दल ने शास्त्रीय शैली में देशभक्ति गीतों की प्रभावी प्रस्तुति दी। सुरों की मधुरता और भावों की गहनता ने सभागार में उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में संघ के शताब्दी सफर का उल्लेख करते हुए राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना पर बल दिया। कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन की गौरवपूर्ण परंपरा, राष्ट्रभक्ति और भारतीय सांस्कृतिक चेतना को संगीत के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुँचाना है।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष तथा संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस प्रकार के आयोजन मातृभूमि को नमन करने के साथ ही युवा पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर प्रो. रीना दाधीच, प्रो. एम.एल. साहू, प्रो. रंजन माहेश्वरी, प्रो. भवानी, प्रो. विजय सिंह, आयोजन समिति के सचिव संतोष कुमार मीणा, सह संयोजक डॉ. विक्रांत शर्मा, सरिता सौलंकी, डॉ. चमन तिवारी, संघ के सहकार्यवाहक श्याम नागर, बाबू लाल भाट, राधेश्याम वशिष्ठ, ओम त्रिपाठी, प्रमोद राठौड़, अरविंद सिसोदिया, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## किसान महापंचायत द्वारा प्रस्तुत की गई जनहित याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने पारित किया अंतरिम आदेश

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ ( बून्दी )।** शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने जनहित याचिका संख्या 911/2025 में अंतरिम आदेश के द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य की सुनिश्चितता के आधार पर देश की दलहन उपजो को प्रोन्नत करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग कि उस अनुशंसा को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया है, जिसमें देश के दलहन उत्पादो को प्रोत्साहन देने के लिए आयातित पीली मटर की दाल पर आयात शुल्क के पुनर्निर्धारण की आवश्यकता प्रतिपादित की है। भारत सरकार में गेहूं एवं चावल के स्थान पर दलहनों को प्रस्थापित करने की नीति को प्रभावी बनाने के लिए पहल की है, दूसरी ओर न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा को अनदेखा करते हुए पीली दाल के आयात पर आयात शुल्क शून्य कर दिया था, जिससे चना एवं अरहर जैसी दलहन उपजो के मूल्य घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे चले गये। इससे देश में उत्पादित दलहन उपजो का उत्पादक किसानों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी वंचित होना पड़ रहा है, यह देश के दलहन उत्पादकों को हतोत्साहित करने का काम है। इस अंतरिम आदेश में भारत सरकार को संबंधित सभी पक्षों की बैठक आयोजित कर उसके विचार विमर्श से उच्चतम न्यायालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है, उसके उपरांत ही उच्चतम न्यायालय द्वारा आगामी सुनवाई के लिए 8 मई 2026 की तारीख नियुक्त की है। देश के किसानों की ओर से यह जनहित याचिका किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट द्वारा प्रस्तुत की गई है। उनकी ओर से देश के प्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के साथ अधिवक्ता नेहा राठी, सौम्या कुमारी, काजल गिरी एवं प्रतीक यादव भी उपस्थित रहे।

# राजस्थान दिवस सप्ताह का आगाज

## बिहारी जी मंदिर से दिया स्वच्छता का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** राजस्थान दिवस सप्ताह के अवसर पर 14 से 19 मार्च तक आयोजित होने वाली कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को शहर में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत लोहागढ़ फोर्ट स्थित श्री बांके बिहारी जी मंदिर किला परिसर से की गई।

इस दौरान बांके बिहारी जी मंदिर परिसर एवं उसके परिक्रमा मार्ग में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। सफाई कार्य में नगर निगम की टीम तथा स्थानीय लोगों ने भाग लेकर परिसर को स्वच्छ बनाने में सहयोग किया। अभियान के तहत मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र से कचरा एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया गया। नगर निगम सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि स्वच्छता अभियान के दौरान लगभग तीन ट्रॉली कचरा एकत्रित कर परिसर से हटाया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान दिवस सप्ताह के तहत शहर में आगामी छह दिनों तक विभिन्न स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### थीम आधारित होगा स्वच्छता अभियान

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 15 मार्च को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही प्लास्टिक उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्लास्टिक कचरे से 'बेस्ट टू आर्ट' प्रतियोगिता, 16 को थीम क्लीन टॉयलेट के तहत शहर में सार्वजनिक, सामुदायिक एवं पिंक टॉयलेट की सफाई एवं 17 मार्च को ठोस कचरा प्रबंधन थीम पर धार्मिक, सामुदायिक एवं पर्यटक स्थलों की साफ-सफाई, होटल एवं दुकानों को कचरा पात्र रखने के लिए प्रेरित करने तथा 18 को यूज्ड वाटर मेनेजमेंट के तहत प्रात: 8 बजे मंशा देवी मंदिर चौपाटी से श्रमदान का शुभारम्भ किया जायेगा। इसके बाद नवग्रह कुण्ड , बृजबिहारी कुण्ड सेवर, सुजान गंगा नहर सहित जलाशयों पर श्रमदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 19 मार्च को स्वच्छता की भागीदारी थीम पर स्कूल के छात्रों को स्वच्छता के संदर्भ में जागरूक करना, स्वयं सहायता समूह के सहयोग से जागरूकता रैली एवं सैनेट्री वेडिंग मशीन संबंधी जानकारी प्रदान की जायेगी। इसी क्रम में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 15 मार्च रविवार को प्रात: 6.30 बजे विकसित राजस्थान रन का आयोजन किया जाएगा। यह रन बिजली घर से प्रारंभ होकर किशोरी महल प्लाजा तक आयोजित की जाएगी, जिसमें आमजन, युवा एवं विभिन्न संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# विधायक डॉ. गर्ग ने गौशाला का किया उद्घाटन

## गौवंश की सेवा करना पुनीत कार्य -डॉ. गर्ग



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने शनिवार को चिकसाना रोड पर श्री बालाजी गौशाला का उद्घाटन कर गौ संवर्धन एवं उनके सरंक्षण पर जोर देते हुये कहा कि गौवंश की सेवा करना पुनीत कार्य है। सभी को गायों की सेवा करनी चाहिये। डॉ. गर्ग ने गौशालाओं के सरंक्षण की महत्ती आवश्यकता बताते हुये कहा कि गौ सेवा करना सभी का कर्त्तव्य है। उन्होंने गायों की पूजा को सर्वोपरि बताते हुये संचालकों से गौवंश की सेवा करने तथा उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने पर जोर दिया। साथ ही इस गोशाला को डेयरी उत्पाद तैयार कर विपरण का भी कार्य करने का सुझाव दिया इस दौरान डॉ. गर्ग ने क्षेत्र के विकास को लेकर भी लोगों से चर्चा की। इससे पहले डॉ. गर्ग का क्षेत्रवासियों ने माला, साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य कल्याण सिंह, राधेश्याम मडरपुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# तालियों की गूंज और ढोल-नगाड़ों के बीच 'पॉइंट जीरो' का ग्रैंड प्रीमियर, ब्यावर में चमकी स्थानीय प्रतिभा

## देशभक्ति पर आधारित फिल्म के प्रीमियर में कलाकारों का भव्य स्वागत, अभिनेत्री इशिका जैन को मिली भरपूर सराहना



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर में शनिवार शाम सिनेमा प्रेमियों के लिए खास पल उस समय बना जब पॉइंट जीरो फिल्म का भव्य प्रीमियर रेलवे स्टेशन रोड स्थित सिटी सिनेमा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों की गूंज, तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से भरे दर्शकों के बीच स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा बड़े पर्दे पर चमकती नजर आई।

फिल्म का निर्माण पारस देवी प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। इसके निर्माता संदीप कुमार जैन तथा सह-निर्माता ममता जैन हैं, जबकि फिल्म के लेखक व निर्देशक लखविंदर सिंह हैं। देशभक्ति की भावना पर आधारित इस फिल्म में कई कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं प्रीमियर के दौरान शहर के फिल्म प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद कुमावत ने फिल्म की अभिनेत्री इशिका जैन को बधाई देते हुए फिल्म के सामाजिक और राष्ट्रभावना से जुड़े संदेश की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता निलेश बुरड़ और राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर के अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम में फिल्म निर्माता और अभिनेत्री इशिका जैन का भव्य अभिनंदन किया गया। स्वागत के लिए लोगों की कतारें लगी रहीं और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। ढोल-ढमाकों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच सभी शुभचिंतकों ने कलाकारों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फिल्म की सफलता की कामना की।

# गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बृजनगर विधानसभा में विकास के नए अध्याय का किया सूत्रपात

## कानून-व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण एवं कृषक कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- बेढम

### बृजनगर में 3.60 करोड़ के पुलिस प्रशासनिक भवन का शिलान्यास एवं कृषि मंडी में 158 लाख के नवनिर्मित डोम का भव्य लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/डीग (घनश्याम अवस्थी)।** राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शनिवार को बृजनगर विधानसभा में आयोजित एक गरिमामयी और वृहद प्रशासनिक समारोह में क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को गति प्रदान करते हुए दो अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाओं को धरातल पर उतारा। राज्य सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों और सुशासन के संकल्प को मूर्त रूप देते हुए, गृहराज्य मंत्री ने पुलिस प्रशासन के आधुनिकीकरण और कृषक वर्ग के आर्थिक उत्थान की दिशा में अहम कदम उठाए।

### भव्य स्वागत एवं जन-उत्साह

संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनता, किसानों और व्यापारियों में भारी उत्साह देखने को मिला।

कृषि मंडी प्रांगण में पहुंचने पर गृह राज्य मंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और मंडी समिति के सदस्यों द्वारा विशाल पुष्पमाला पहनाकर भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। बेढ़म ने भी सादगी और सहृदयता के साथ आमजन का अभिवादन स्वीकार किया और उनकी जन-समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कृषि उपज मंडी समिति के पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय काश्तकार उपस्थित रहे।

### कृषि उपज मंडी समिति बृजनगर में 158.00 लाख रुपये के नवनिर्मित डोम का लोकार्पण

समारोह के द्वितीय चरण में गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने अन्नदाता किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कृषि उपज मंडी समिति, बृजनगर के प्रांगण में नवनिर्मित विशाल डोम का फीता काटकर एवं पट्टिका का अनावरण कर विधिवत लोकार्पण किया। पट्टिका पर अंकित विवरण के अनुसार, इस वृहद संरचना का निर्माण 158.00 लाख (1.58 करोड़ रुपये) की लागत से किया गया है। इस महत्वपूर्ण लोकार्पण के पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए माननीय राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि और हमारे किसान भाई हैं।



### पुलिस थाना बृजनगर के नवीन प्रशासनिक भवन का शिलान्यास

समारोह के प्रथम चरण में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बृजनगर पुलिस थाने के बहुप्रतीक्षित नवीन प्रशासनिक भवन की विधिवत आधारशिला रखी। 3 .60 करोड़ स्वीकृत प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति से निर्मित होने वाले इस भवन का भूमि-पूजन पूर्ण वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह और प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा कि एक भयमुक्त और सुरक्षित समाज की स्थापना के लिए पुलिस बल का सक्षम, साधन-संपन्न और आधुनिक होना नितांत आवश्यक है। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डीग ओम प्रकाश मीना विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री बेढ़म ने पुलिस अधीक्षक और संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उच्च कोटि की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर जनता की सेवा में समर्पित किया जाए।

# मुख्यमंत्री राजस्थान की फ्लैगशिप पंच गौरव योजना एवं एक जिला एक खेल के अंतर्गत जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/डीग (घनश्याम अवस्थी)।** डीग मुख्यालय स्थित मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पंच गौरव योजना तथा एक जिला एक खेल कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंचल की नवोदित खेल प्रतिभाओं को एक सुदृढ़ और पारदर्शी मंच प्रदान करना है।



समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलक्टर डीग राजकुमार कस्वा ने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन करते हुए अत्यंत सारगर्भित एवं प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। श्री कस्वा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने हेतु कृतसंकल्पित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंच गौरव योजना और एक जिला एक खेल जैसी फ्लैगशिप नीतियां केवल प्रतियोगिताएं आयोजित करने तक सीमित नहीं हैं, अपितु यह हमारे युवाओं को शारीरिक सौष्ठव, मानसिक दृढ़ता और अनुशासन के मार्ग पर अग्रसर करने का एक महायज्ञ है। कुश्ती केवल बल का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह हमारी माटी की वह गौरवशाली परंपरा है जो युवाओं को संयम, रणनीति और त्वरित निर्णय क्षमता सिखाती है। राज्य सरकार का यह निरंतर प्रयास रहा कि डीग जिले की प्रतिभाओं को हर संभव ढांचागत सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे वे राष्ट्रीय पटल पर जिले का गौरव बढ़ा सकें।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप सिंह द्वारा की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरि पहलवान पास्ता, नवल पहलवान शाहपुर, चंद्रभान सिंह, रामअवतार पहलवान डीग, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक गौतम सिंह तथा शिवराम पहलवान परमदरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार खुराना ने विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शिरकत की। संपूर्ण कार्यक्रम का सुचारु एवं सफल संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक एवं डिप्टी प्रिंसिपल वीरेन्द्र सिंह द्वारा संपन्न किया गया।

प्रतियोगिता में डीग जिले के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने पूर्ण उत्साह एवं खेल भावना के साथ विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल आयोजन को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने हेतु निर्णायक मंडल में टिंकू खान, धीरज सिंह, शकुंतला सैनी, खेलो इंडिया प्रशिक्षक सचिन गुहाना, दशरथ सिंह, अनिल कुमार एवं बाबू सिंह ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। अंडर-15 आयु वर्ग के अंतर्गत 34-38 किलोग्राम भार वर्ग में परमदरा के अभिषेक, 41 किलोग्राम में पास्ता के टीकम, 44 किलोग्राम में पास्ता के लवकुश, 48 किलोग्राम में कृष्ण कुंज डीग के मनीष, 52 किलोग्राम में डीग के आर्यन, 57 किलोग्राम में डीग के हर्ष, 62 किलोग्राम में डीग के रीतेश, 68 किलोग्राम में बलदेव वास के अनिरुद्ध, 75 किलोग्राम में योगेश तथा 85 किलोग्राम भार वर्ग में पास्ता के सुधांशु ने विजय प्राप्त की। इसी प्रकार, अंडर-17 आयु वर्ग में 48 किलोग्राम भार वर्ग में तरुण सैनी, 51 किलोग्राम भार वर्ग में मोहिन खान, 55 किलोग्राम में टांकोली के सुमित, 60 किलोग्राम में परमदरा के लखन, 65 किलोग्राम में डीग के यश चौधरी, 71 किलोग्राम में डीग के विकास, 80 किलोग्राम में उमेश तथा 110 किलोग्राम भार वर्ग में सिनसिनी के अंशुल ने अपने-अपने मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत दर्ज की।

# आल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो के लिए 7 खिलाड़ी चयनित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** टीम मैनेजर निकुंज गुप्ता ने बताया के डी ए वी यूनिवर्सिटी, जालंधर मे आयोजित होने वाली आल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए मुखर्जी नगर स्थित फाइटर्स जोन ताइक्वांडो एकडमी के 7 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिनमे 54 किग्रा मे विजय प्रजापत, 58 किग्रा मे समीर वर्मा, 63 किग्रा मे जय सिंघल, 68 किग्रा मे पार्थ चौधरी, 74 किग्रा मे ललित कुमार, 80 किग्रा मे तेजवीर सिंह मदेरना,ओवर 87 किग्रा मे वीर प्रताप सिंह का चयन हुआ हैं। गुप्ता ने बताया सभी खिलाडी कोच निखिल तोमर की सानिध्य मे ट्रेनिंग कर रहे हैं व पहले भी राजस्थान का नेतृत्व राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे किया हैं सभी खिलाडी शनिवार को रवाना हुए।

# समृद्ध भारत अभियान में पुलिस प्रशिक्षणार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

## पुलिस प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक संस्थाओं का अध्ययन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पुलिस प्रशिक्षण स्कूल, भरतपुर के रिक्रूट कांस्टेबल बैच के लगभग 260 पुलिस प्रशिक्षणार्थियों का शनिवार को डीग जिले के कुम्हेर कस्बे में समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत संचालित सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यों का अवलोकन करने हेतु फील्ड विजिट आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम थाना कुम्हेर के सीआई जितेंद्र सिंह के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षणार्थियों ने समृद्ध भारत अभियान द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर समृद्ध भारत अभियान के स्टेट हेड पुनीत गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को संस्था की स्थापना, उद्देश्यों तथा विभिन्न सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास, डिजिटल शिक्षा तथा कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक शिक्षा और अवसर पहुंचाकर उन्हें सशक्त बनाना है। फील्ड विजिट के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को 'बेटी की लाइब्रेरी' तथा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र का भी अवलोकन कराया गया। यहां बच्चों के लिए संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, पोषण कार्यक्रमों तथा महिला एवं बाल विकास से जुड़े प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संस्था द्वारा चलाए जा रहे कंप्यूटर, सिलाई-कढ़ाई एवं अन्य कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी अवगत कराया गया। कुम्हेर थाना प्रभारी सीआई जितेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के विकास और जागरूकता से जुड़े प्रयासों में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है तथा इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से प्रशिक्षणार्थियों को समाज के जमीनी कार्यों को समझने का अवसर मिलता है। दल प्रभारी एएसआई मुकेश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान इस प्रकार की फील्ड विजिट से पुलिस प्रशिक्षणार्थियों को समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद स्थापित करने और सामाजिक सरोकारों को समझने का अवसर मिलता है। इससे पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय विकसित होता है। कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास के लिए पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने समृद्ध भारत अभियान द्वारा शिक्षा और बाल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अनिल गर्ग, योगेश शुक्ला, मेघा गर्ग, मोनू सैन, एवं विष्णु मित्तल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# आदर्श ग्राम पंचात रारह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ का किया भव्य स्वागत

## भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसान के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध - मदनलाल राठौड

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** आदर्श ग्राम पंचायत रारह के मिनी सचिवालय में भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के माननीय प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय मदनलाल राठौड़ के भरतपुर आगमन पर सरपंच श्रीमती कुसुम सिंह एवं भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मोहन रारह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों द्वारा उनका उत्साह और गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांव, गरीब और किसान के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गांवों के विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाकर समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं। उनका मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी रहा। भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दयमा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास से निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिले में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है और कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन और अधिक सशक्त बनेगा। पूर्व लोकसभा सांसद रंजीता कोली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से गांव, गरीब और किसान के हित में कार्य करने वाली पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरपंच श्रीमती कुसुम सिंह ने अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ग्राम पंचायत रारह में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ ने ग्राम पंचायत रारह में हुए विकास कार्यों का अवलोकन कर उनकी सराहना की तथा अपनी राज्यसभा सांसद निधि से ग्राम पंचायत रारह में विकास कार्यों के लिए अनुशंसा करने की घोषणा की। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधारी लाल गुप्ता, पूर्व विधायक बच्चू बंसीवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजू कटारा, पूर्व प्रधान व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बुढ़वार, जिला प्रवक्ता अनुराग तमरौली, सुनील सहनावली, उप सरपंच राजू माना नगला, सोनू शर्मा, आकाश शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजू पंडित, सुरेश सेठ, पंच दिलीप सिंह, राजपाल, बदन सिंह, मोहन सिंह, नेत्रपाल, रमेश तिवारी, गुड्डा, ओंकार भगत, पीतम सिंह, कप्तान सिंह, अनिल खण्डेलवाल, अर्जुन, सुन्दर सिंह, खैमचंद, रामवीर परमार, जगवीर सिंह, गोला सिंह, अजीत सिंह, संतोकी, रोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में समस्त ग्राम पंचायत रारह वासियों की ओर से प्रदेश अध्यक्ष का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# लाडो सेवा फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क बीपी व शुगर जांच शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय लाडो सेवा फाउंडेशन एवं इंपल्स पैथ लैब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नि:शुल्क बीपी (ब्लड प्रेशर) और शुगर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर हेमू कालाणी उद्यान, बापू नगर, भीलवाड़ा में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना तथा लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना है। आयोजन में इंपल्स पैथ लैब के विशेषज्ञ चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहकर लोगों के बीपी और शुगर स्तर की जांच करेंगे।

जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति की रिपोर्ट असामान्य पाई जाती है तो उसे उचित चिकित्सा परामर्श भी दिया जाएगा। लाडो सेवा फाउंडेशन के संस्थापक एडवोकेट लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित होगी, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो आर्थिक या अन्य कारणों से नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करवा पाते। शिविर में कई अन्य जांचें भी बाजार दर से आधी कीमत पर उपलब्ध कराई जाएंगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाने की अपील की है। उनका कहना है कि स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नृत्य नाटिका में जीवंत हुए प्रथम तीर्थंकर के दिव्य प्रसंग, आदिनाथ जयंती की पूर्व संध्या पर भक्ति से सराबोर हुआ जिनालय

## आदिनाथ महिला मंडल की भावपूर्ण प्रस्तुति से गर्भ व जन्म कल्याणक का हुआ सजीव चित्रण, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे उपस्थित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जयंती की पूर्व संध्या पर सुधासागर कॉलोनी स्थित आदिनाथ जिनालय ब्यावर में आदिनाथ महिला मंडल द्वारा गर्भ एवं जन्म कल्याणक पर आधारित भव्य नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिमय वातावरण में आदि प्रभु की महिमा का गुणगान किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान आदिनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इसके पश्चात आदिनाथ महिला मंडल की सदस्यों द्वारा भगवान आदिनाथ के गर्भ कल्याणक एवं जन्म कल्याणक से जुड़े दिव्य प्रसंगों को नृत्य नाटिका के माध्यम से अत्यंत सुंदर एवं भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुति, भावपूर्ण अभिनय और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष रूपचंद कासलीवाल ने बताया कि नृत्य नाटिका के माध्यम से भगवान आदिनाथ के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को अत्यंत प्रभावी और आध्यात्मिक रूप में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में धर्म के प्रति आस्था, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर आदिनाथ महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती रेणुका कासलीवाल एवं मंत्री प्रमिला गंगवाल सहित मंडल की सभी पदाधिकारियों द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक भक्तिमय हो गया कार्यक्रम के दौरान पूरा जिनालय परिसर भक्ति एवं श्रद्धा के माहौल से गूंज उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। उपस्थित समाजजनों ने आदिनाथ महिला मंडल की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक काला, मंत्री विजय फागीवाला, शशिकांत गदिया, मनोज कासलीवाल, आनंद गंगवाल, जितेंद्र गंगवाल, अमित गोधा, नितिन छाबड़ा, सुदेश पाटनी, सुशील गंगवाल, रूपचंद्र छाबड़ा, टीकम कासलीवाल, मनोज पाटोदी, मनीष सोनी, जितेंद्र ठोलिया, पीयूष कासलीवाल, अक्षत कटारिया, कल्पेश जैन, संजीव गंगवाल सहित सकल जैन समाज के महिला-पुरुष सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



## झालरापाटन राठौर समाज की कार्यकारणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन (नि.स.)।** राठौर समाज पंचायत के नव नियुक्त अध्यक्ष कल्याण मल जूनिवार ने समाज कार्यकारणी की घोषणा कर, संरक्षक के पद पर राम प्रसाद सेनावत, माणकचंद टिंडोला, राधेश्याम करल कुआं, दुलीचंद रुवारिया, नंदलाल नाराणिया, राम प्रसाद नुरकपुरा को मनोनीत किया तथा उपाध्यक्ष पद चंद्र प्रकाश लाला मंगरौला, विजय सिंह अजमेरा, भानु सेनावत, दीपक बलिडिया, महामंत्री - मोहनलाल महावर, ओमप्रकाशअस्तोलिया महासचिव के पद पर मुकेश पडियार, मंदिर व्यवस्थापक के पद पर बनवारी लाल बलसोरा, चंद्रशेखर पचोरी कोषाध्यक्ष के पद पर राजकुमार टिंडोला , धर्मशाला व्यवस्था के लिए नंद किशोर डगवाल कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोपाल कसौदनिया मोहनलाल टिंडोला, घनश्याम महेश्वरी, सतपाल मंगरोला, रतिराम पचलोडिया, देवी शंकर मंडाव दीया, नारायण लाल मंगरोला, रामनाथ सरथलिया, अशोक कुमार गुरगांमा, विजय कुमार डुडलिया प्रचार प्रसार -रमेश चंद राठौर सुरोलिया को मनोनीत किया है।

## देवली में गेहूं की फसल का कटाई प्रयोग सम्पन्न, कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षेत्र में फसलों की वास्तविक पैदावार का आकलन करने के उद्देश्य से पुर के निकटवर्ती देवली गांव में गेहूं की फसल का कटाई प्रयोग आयोजित किया गया। इस दौरान सहायक निदेशक कृषि सांख्यिकी राजेंद्र कुमार पोरवाल एवं कृषि अधिकारी प्रियंका पारीक ने मौके पर पहुंचकर प्रयोग का निरीक्षण किया। कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने बताया कि निर्धारित प्लॉट पर वैज्ञानिक पद्धति से फसल कटाई कर उत्पादन का आकलन किया गया। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए कि फसल कटाई प्रयोग पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए, ताकि क्षेत्र की सही औसत पैदावार का आकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा चयनित रेंडम खसरा नंबर के खेत में निर्धारित मापदंड के अनुसार 5म5 मीटर क्षेत्र में फसल काटकर प्राप्त उपज के आधार पर प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन का अनुमान लगाया जाता है। फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त आंकड़े उत्पादन अनुमान तैयार करने, बीमा दावों के निस्तारण तथा विभिन्न कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि अधिकारी गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत यदि किसी क्षेत्र में विगत सात वर्षों की औसत पैदावार की तुलना में उत्पादन कम होता है तो ऋणी किसानों को बीमा क्लेम प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर सहायक कृषि अधिकारी गोविन्द सहाय शर्मा सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## अजमेर मंडल ने रचा नया इतिहासः एक दिन की लोडिंग में अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल ने माल लदान (लोडिंग) के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। मंडल ने 13 मार्च 2026 को 0.0571 मिलियन टन की लोडिंग दर्ज कर अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है और नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव के अनुसार 13 मार्च को कुल 847 वैगनों के साथ 0.0571 मिलियन टन की लोडिंग हुई, जो मंडल के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय लोडिंग है। इससे पहले 26 दिसंबर 2022 को 0.055 मिलियन टन की लोडिंग का रिकॉर्ड बना था, जिसे अब पीछे छोड़ दिया गया है। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक भारती भारद्वाज के निर्देशन में मार्च महीने के पहले 13 दिनों (1 से 13 मार्च) में मंडल ने कुल 0.4587 मिलियन टन लोडिंग की है। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल 2025 से 13 मार्च 2026) के दौरान अब तक की कुल संचयी लोडिंग 9.563 मिलियन टन तक पहुँच गई है। वर्तमान लोडिंग परिदृश्य और बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अजमेर मंडल वर्तमान में सभी चारों मंडलों में प्रथम स्थान पर बना हुआ है।अजमेर मंडल का लोडिंग आंकड़ा 9.563 मिलियन टन, जयपुर 9.4807 मिलियन टन, बीकानेर 3.1805 मिलियन टन, जोधपुर 6.347 मिलियन टन इस प्रकार उत्तर पश्चिम रेलवे ज़ोन की कुल लोडिंग 28.569 मिलियन टन रहा। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि कुशल प्रबंधन और टीम वर्क के कारण ही अजमेर मंडल सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

## राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण एवं लाखों के अवॉर्ड पारित

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन व ताल्लुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में गठित न्यायपीठ तथा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन नीलम नाहर की गठित न्यायपीठ में न्यायालयों के विचाराधीन प्रकरणों में से 216 प्रकरणों को लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित किया गया।जिसमे जिनमें 79 प्रकरणों में राजीनामा कराकर कुल 95 लाख 5 हजार 800 रु की राशि का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार बिजली विभाग,बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं, दूरसंचार, जलदाय विभाग के चिन्हित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में 291 प्रकरणों का राजीनामे से 80 लाख 58 हजार 408 रू. की रिकवरी की गयी। साथ ही बिजली के बकाया बिलों का 50 प्रतिशत की भारी छूट एवं राजीनामा से निस्तारण किया गया। जिससे आमजन द्वारा उत्साहपूर्वक लोक अदालत में भाग लेकर लाभ लिया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के सचिव देव तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर लोक अदालत न्यायपीठ के सदस्य अधिवक्ता सुरेश कुमार बापना, अधिवक्ता रतनलाल टांक, अभय चपलोत न्यायालय के रीडर गोपाल रेगर, दिलीप कुमावत, अनिल मीणा, कार्मिक प्रमोद ढाका, सुनिल जांगिड़, धनराज मीणा, लोकेश मीना, योगेन्द्र गहलोत, सोहनलाल पूर्बिया, राजू रेगर,हरिओम व्यास, भगवानलाल, सुमित्रा, पूनम सेनी, स्वयंसेवक ऋषिराज भट्ट, शाहरूख, शंभुलाल भील, पंकज भट्ट, आशीष, कमलेश बारेगामा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## कोटड़ा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ा में शनिवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति की अध्यक्षता में हुआ। शिविर प्रभारी भेरूलाल बुनकर ने बताया कि कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस शिविर में विद्यालय के लगभग 40 छात्र भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्य प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि घर-परिवार और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जीवन में स्वावलंबी बनें तथा श्रमदान के माध्यम से समाज सेवा का संकल्प लें। उद्घाटन सत्र में उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, भेरूलाल बुनकर, तृप्ति राठौर सहित अन्य वक्ताओं ने भी विद्यार्थियों को सेवा भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में दीपक शर्मा, मोना काठात, चंदू बाला शर्मा, अजय पाल पूनिया, सरिता चौहान सहित अन्य सहयोगी सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक हेमराज ने किया।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता में संकल्प और रुपनगर टीम विजेता



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** ब्लॉक स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेल संकुल झालावाड़ के कोर्ट में आयोजित हुआ । जिसमें छात्र वर्ग मे रुपनगर पब्लिक स्कूल झालावाड़ की टीम विजेता रही जबकि केंद्रीय विद्यालय की टीम उपविजेता रही। छात्रा वर्ग में संकल्प सीनियर स्कूल की टीम विजेता बनी जबकि लाला कमलापत विद्यालय की टीम उपविजेता रही। दोनों वर्गों की विजेता टीम अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। दोनों टीमों के मनन सेन और अनुप्रिया सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रुप में चयनित हुए। फाइनल मैच के बाद समापन समारोह आयोजित हुआ जिसमें अतिथि के रुप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चंद्र मोहन धाबाई, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भीम सिंह जाट, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बालचंद शास्त्री, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र सोनी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप मित्तल, जिला खेल प्रकोष्ठ अधिकारी जयपालसिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर चंद्रमोहन धाबाई ने सभी छात्रों को सहयोग करने का आश्वासन दिया। संदीप क्षोत्रिय ने सरकार के प्रयासों की जानकारी प्रदान की । समापन के अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा ने छात्रों को सतत रुप से मेहनत करने की प्रेरणा दी। जिला शिक्षा अधिकारी भीम सिंह जाट ने चींटी दिवार पर चढ़ने की कहानी का उदाहरण देकर छात्रों को प्रोत्साहित किया। विजेता एवं उपविजेता टीम के छात्रों को ट्राफी, मेडल, एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। संचालन टीम और रैफरी टीम को भी मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य बालचंद आर्य ने किया।

# नगर पालिका कपासन में श्रमदान एवं स्वच्छता की शपथ लेकर किया स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा राजस्थान दिवस समारोह के तहत स्वच्छता सप्ताह का शनिवार को अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन में स्वच्छता की शपथ दिलाकर शुभारंभ किया गया। उक्त स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत नगर पालिका कपासन क्षैत्र के समस्त वार्डों में रूटीन साफ-सफाई के साथ अतिरिक्त विशेष सफाई की जायेगी।जिसके माध्यम से पालिका द्वारा क्षेत्रीय आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा। नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह का नगर पालिका कार्यालय में स्वच्छता शपथ के साथ शुभारम्भ किया गया।जिसमे एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। इस दौरान नगर पालिका परिसर में विशेष सफाई में श्रमदान करते हुवे आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक रामप्रसाद, गोपाल सुथार, स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली, नरेगा जेटीए रोहित पंचोली, कार्यवाहक जमादार विजय कोदली, विशाल कोदली आदि नगर पालिका कार्मिकगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान दिवस समारोह के तहत नगर पालिका कपासन द्वारा आयोजित स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत रविवार को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध से पालिका क्षेत्र के आमजन को जानकारी देने सहित सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई तथा मंगलवार को सार्वजनिक परिसर, सरकारी कार्यालयो में सफाई एवं बुधवार को नगर क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थलों एवं जलाशयों की विशेष सफाई हेतु श्रमदान किया जायेगा। साथ ही गुरुवार को विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत मिशन 25-26 के तहत जागरूक करने के साथ उक्त विशेष अभियान का समापन किया जायेगा।

# श्री महेश पब्लिक स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** श्री महेश पब्लिक स्कूल, प्राइमरी विंग में शनिवार को नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्री-प्राइमरी शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों की उपलब्धि का उत्सव मनाना तथा उन्हें आगे की कक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल, सचिव राजेंद्र कुमार कचौलिया, कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती तथा निर्देशक व विद्यालय प्रभारी दिनेश शारदा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत समिति सदस्यों व विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के नृत्य, गीत एवं कविताओं ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास देखने लायक रहा।

समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन ड्रेस व कैप पहनाकर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर अभिभावकों ने अपने बच्चों के जीवन के पहले शैक्षणिक पड़ाव को सफलतापूर्वक पूरा करने की खुशी साझा की। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समारोह बच्चों के शैक्षणिक जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे भविष्य में हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें।

श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और नई कक्षा के लिए उत्साह व जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। सचिव राजेंद्र कचौलिया ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देना है, ताकि वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, समर्पण और मनोबल को बढ़ाते हैं। विद्यालय प्रभारी दिनेश शारदा ने कहा कि नन्हे बच्चे भविष्य की मजबूत नींव हैं।

यदि उनकी नींव मजबूत होगी तो उनका भविष्य भी उज्ज्वल होगा। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# स्वछता दल बैठक में ग्रामिणो ने लिए अहम फैसले

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** झालावाड़ पंचायत समिति सुनेल की ग्राम पंचायत सेमली खाम में आयोजित राजस्थान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सियाराम पाटीदार ने बताया जल और स्वछता समिति दल की बैठक में मुख्य अतिथि उप सरपंच भेरी बाई भील ने अध्यक्षता की वही आँगन बाड़ी कार्यकर्ता यशोदा पाटीदार ने विशिष्ट अथिति की भूमिका निभाई, संचालन शिवम पाटीदार ने किया, बैठक मे दिनांक 14 मार्च से 19 मार्च तक होने वाले जल और स्वछता अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी, साथ ही कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

कार्यकम के अंतर्गत पाटीदार ने बताया की कल प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए शपथ दिलाई जायेगी साथ ही 6 दिन के अलग अलग सरकार आदेश अनुसार कार्यक्रम सहभागिता से सम्पन्न कराये जायेंगे।

# राजस्थान- गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें, ग्राहकों में मारपीट

## नेशनल हाईवे पर पलटा एलपीजी से भरा टेंपो




## ढाबों पर खाना महंगा, चाय-कॉफी के दाम बढ़ाए

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** राजस्थान में गैस सिलेंडर्स की सप्लाई को लेकर शनिवार को हालात नहीं सुधरे है। प्रदेश के अधिकतर जिलों की गैस एजेंसियों पर सुबह से लंबी-लंबी लाइनें है। ग्राहकों की शिकायत है कि ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है। हालांकि, एजेंसी मालिकों का दावा है कि गैस की कमी नहीं है। कस्टमर्स में पैनिक के कारण अचानक डिमांड बढ़ गई है। इधर, अजमेर के किशनगढ़ में सिलेंडर से भरा टेंपो पलट गया। इससे दहशत फैल गई। हनुमानगढ़ के रावतसर उपखंड में गैस सिलेंडर की कमी को लेकर आने वाली शिकायतों के समाधान के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें सरकारी टीचर्स की ड्यूटी लगाई है। इधर गैस की किल्लत के कारण होटल-रेस्टोरेंट में कोयले, लकड़ी और इलेक्ट्रिक चूल्हों का इस्तेमाल बढ़ गया है। डिमांड बढ़ने से ऐसे प्रोडक्ट की कमी और कीमत बढ़ने का भी दावा किया जा रहा है। अलवर में कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से दुकानदार, ढाबे और होटल वालों को ज्यादा परेशानी है। ढाबों पर खाना महंगा हो गया है। बाजार में चाय-कॉफी की दुकानों पर भी भाव बढ़ा दिए हैं।

### लोगों में पैनिक, सिलेंडर्स की कमी नहीं- गैस एजेंसी

भरतपुर, कोटा, अजमेर, सलूंबर सहित कई जिलों में आज घरेलू गैस को लेकर एजेंसियों के बाहर लाइनें लगी है। उपभात्काओं की शिकायत है कि न उन्हें सिलेंडर मिल रहा है न बुकिंग को लेकर सही जानकारी। हालांकि, एजेंसी संचालकों का दावा है कि सिलेंडर की कमी नहीं है। भरतपुर की एक गैस एजेंसी के कर्मचारी सुभाष ने बताया है कि उपभोक्ताओं में न जाने किस बात का डर है। वहीं, अजमेर में एक गैस एजेंसी के बाहर लाइन में लगने को लेकर कस्टमर्स ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की।

### महंगाई की मार, खर्चा भी बढ़ा

जयपुर में रेस्टोरेंट ऑनर ने बताया- करीब 8000 की नई भट्टी बनवाई है, जिसमें कोयले से काम चलाया जा रहा है। फिलहाल कोयला करीब 26 प्रति किलो मिल रहा है। अगर गैस की किल्लत बनी रही तो इसकी मांग बढ़ने के साथ ही कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में छोटे कारोबारियों के लिए स्थिति और ज्यादा मुश्किल हो सकती है। पहले से महंगाई की मार है, खर्चा बढ़ने से और परेशानी हो रही है।

### कोयले और लकड़ी की डिमांड बढ़ी

जयपुर के जालूपुरा में लकड़ी-कोयला विक्रेता राशिद ने बताया कि गैस की कमी होने के कारण लकड़ी और कोयले की डिमांड बढ़ गई है। पहले हार्ड कोयला दिनभर में 100 किलो भी नहीं बिकता था। आज एक दिन में 5 टन कोयला बिक जा रहा है। होटलों में भी आज गैस की किल्लत के चलते लकड़ी और कोयले का उपयोग बढ़ गया है। राशिद ने कहा- कोयले की कीमतों में 10 रुपए का इजाफा हुआ है। पहले कोयले की कीमत 22 रुपए थी। अब 32 रुपए हो गई है। ऐसे ही लकड़ी का कोयला 40 रुपए किलो था। आज 50 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं लकड़ी 10 रुपए किलो बिकती थी। अब 12 से 13 रुपए प्रति किलो बिक रही है।

## डोटासरा बोले- गैस सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही है

गैस सिलेंडर की किल्लत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- वर्तमान में जो भी हॉस्टल, रेस्टोरेंट चल रहे हैं, वह पूरी तरह से ठप हो चुके हैं। हमारे यहां एक स्काउट आवासीय स्कूल संचालित है। परसों वहां से कॉल आया कि हमें सिलेंडर चाहिए वरना शाम को बच्चों को खाना नहीं मिल पाएगा। उनका भूखा सुलाना पड़ेगा। इसके बाद मैंने एसडीएम और तहसीलदार से बात की तो उन्होंने वहां 5 सिलेंडर पहुंचाए।

डोटासरा ने कहा- 900 से 950 रुपए में मिलने वाला सिलेंडर आज कालाबाजारी में मिल रहा है। उसी सिलेंडर के 1500 रुपए दो तो आधे घंटे में मिल जाएगा। सरकार कह रही है कि हम गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी तो चांदी कूट रहे हैं। किसी परिवार के पास सिलेंडर नहीं होगा तो वह खाना कैसे पकाएगा।



## हाइवे पर पलटी सिलेंडरों से भरी गाड़ी, सड़क पर बिखरे 145 एलपीजी सिलेंडर, मची अफरातफरी

किशनगढ़ में शनिवार को बड़ा हादसा टल गया. पुराने किशनगढ़ टोल के पास हाइवे पर चिड़िया बावड़ी क्षेत्र में गैस सिलेंडरों से भरी गाड़ी का टायर फट गया. इससे गाड़ी पलट गई और सिलेंडर सड़क पर बिखर गए. इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. मदनगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हाइवे पर गाड़ी पलटने की सूचना मिली तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची. गाड़ी पलटने से उसमें भरे करीब 145 गैस सिलेंडर हाइवे पर दूर-दूर तक बिखर गए. इतनी भारी तादाद में भरे गैस सिलेंडरों को सड़क पर देख राहगीरों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया. हादसे के कारण नेशनल हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. कुछ ही देर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं.

## 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई शुरू

### सरकार बोली- घबराकर बुकिंग न करें; दिल्ली के होटल-रेस्टोरेंट कचरे से बनी गैस इस्तेमाल करें



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सरकार ने 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लगी रोक हटा दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सरकार ने 9 मार्च को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगाई थी।

वहीं, सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी तेज कर दी गई है। सरकार ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-एनसीआर की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है।

### सरकार बोली-दिल्ली के होटल-रेस्टोरेंट कचरे से बनी गैस इस्तेमाल करें

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-एनसीआर की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट यानी सीएक्यूएम ने यह आदेश जारी किया है। रिफ्यूज-डिराइव्ड फ्यूल असल में कचरे से बनाया गया एक तरह का ईंधन है। इसमें नगर निगम और इंडस्ट्रीज से निकलने वाले सूखे कचरे- जैसे प्लास्टिक, कागज, कपड़ा और लकड़ी को प्रोसेस किया जाता है।

## जयपुर में प्रॉपर्टी कारोबारी पर गोली चलाई

### 3 गाड़ियों में आए बदमाशों ने घेरकर फायरिंग की; पीड़ित ने आरोपियों की गाड़ी को मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में घर से मंदिर के लिए निकले एक प्रॉपर्टी कारोबारी पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। कारोबारी सुबह घर से फॉर्च्यूनर गाड़ी लेकर मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान 3 लग्जरी गाड़ियों में आए बदमाशों ने उसे घेर लिया और गोली चला दी। गोली फॉर्च्यूनर गाड़ी के बोनट से टकराकर फ्रंट शीशे में जाकर लगी और कारोबारी बच गया। फायरिंग के दौरान कारोबारी ने भी बदमाशों की गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके अलावा पैदल भाग रहे एक बदमाश के पीछे अपनी गाड़ी दौड़ा दी। हालांकि आरोपी गाड़ी में बैठकर भाग निकले। घटना बिंदायका थाना इलाके में हाथोज फाटक के पास सुबह करीब 11.30 बजे हुई। बदमाशों ने कारोबारी की गाड़ी को घेरा, फायरिंग की जानकारी के अनुसार, सिरसी गांव के रहने वाले प्रॉपर्टी कारोबारी कमल मीणा उर्फ कमल सिरसी (38) पर फायरिंग हुई है। कमल मीणा शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे हाथोज फाटक के पास स्थित मकान से फॉर्च्यूनर गाड़ी लेकर काले हनुमान मंदिर के लिए निकले थे। हाथोज फाटक स्थित एक प्राइवेट स्कूल के पास थार, स्कॉर्पियो और स्विफ्ट कार में आए 10-12 बदमाशों ने कारोबारी की फॉर्च्युनर गाड़ी को घेर लिया। थार जीप में बैठे एक बदमाश ने कमल मीणा पर फायरिंग की। गोली फॉर्च्युनर के बोनट से टकराकर फ्रंट शीशे में जाकर लगी।

### मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन में की शिरकत

# विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य में वैश्य समाज की भूमिका अहम : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वैश्य समाज में संगठन की प्रबल शक्ति और समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता है। भारत के इतिहास में वैश्य समाज का योगदान सदैव अग्रणी रहा है।

यह समाज देश की आर्थिक रीढ़ है। इसने हजारों वर्षों से देश की अर्थव्यवस्था को थामे रखा है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज का परिश्रम, व्यापार कौशल और ईमानदारी देश की समृद्धि में सहायक रहे हैं।

शर्मा शनिवार को भांकरोटा में अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगपतियों ने मिलकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया। उद्योग, व्यापार और रोजगार में वैश्य समाज का योगदान किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हस्तशिल्प, रत्न-आभूषण, वस्त्र और खाद्य उद्योग में इस समाज की मेहनत और दूरदर्शिता की झलक मिलती है।

### वैश्य समाज का सामाजिक सरोकार के कार्यों एवं संस्कृति से विशेष जुड़ाव-

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत 2047 और विकसित राजस्थान 2047 का लक्ष्य वैश्य समाज के विकास और सहयोग के बिना अधूरा है। समाज के अनुभवी व्यापारियों के पास ज्ञान और अनुभव है। इसलिए उस अनुभव को नई पीढ़ी तक पहुंचाकर स्टार्टअप और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में रहने वाला वैश्य समाज सामाजिक सरोकार के कार्यों और अपनी संस्कृति से हमेशा जुड़ा रहता है। उन्होंने युवाओं से उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील करते हुए कहा कि 'युवा नौकरी लेने वाले नहीं, देने वाले बनें'।

### राज्य सरकार हर वर्ग और क्षेत्र के विकास के लिए कर रही काम-

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग और क्षेत्र के विकास का रोडमैप बनाकर काम कर रही है।




**युवाओं को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में मिल रहा रोजगार**-श्री शर्मा ने कहा कि 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार देने के वादे को हमारी सरकार पूरा कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश में अब तक सवा लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दी गई हैं। वहीं, 1 लाख 35 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में एक लाख पदों की जगह सवा लाख पदों पर भर्ती के लिए कैलेण्डर जारी करने की घोषणा भी की गई है।

**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाएगा राजस्थान दिवस**-मुख्यमंत्री ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता और अथक परिश्रम के कारण 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, रेवती नक्षत्र और इन्द्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना हुई थी। इसीलिए हमने निर्णय लिया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष 19 मार्च को मनाया जाने वाला यह दिवस राजस्थान की आत्मा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास का उत्सव है।

रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, गंगनहर, देवास परियोजना सहित अन्य पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं पर प्राथमिकता से काम किया गया है। राज्य सरकार उद्योगों को भी पर्याप्त पानी देने के लिए काम कर रही है। इसी प्रकार, ऊर्जा के क्षेत्र में 8 हजार 261 मेगावाट की उत्पादन क्षमता बढ़ाई गई है। फिलहाल 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक सम्पूर्ण प्रदेश में किसानों को दिन में बिजली दी जाएगी।

## यूए के Bv Bomber Jets ने संभाला मोर्चा

### ईरान में अब तबाही का सबसे बड़ा दौर शुरू करेंगे ट्रम्प



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने पुष्टि की है कि ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरान के खिलाफ सीमित रक्षात्मक सैन्य अभियानों के लिये अपने दो ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है।

इस तैनाती से अमेरिकी विमानों को ईरान के लक्ष्यों तक पहुंचने में लगने वाला समय लगभग आधा रह गया है। पश्चिम एशिया में भड़क चुके युद्ध के बीच अमेरिका ने जबरदस्त सैन्य आक्रमण का नया अध्याय खोल दिया है। इंग्लैंड के रॉफ फेयरफोर्ड सैन्य ठिकाने से अमेरिकी वायु सेना के दो बी-वन बमवर्षक विमानों के उड़ान भरते ही युद्ध का स्वर और भी आक्रामक हो गया। इसी दौरान अमेरिका ने फारस की खाड़ी में स्थित ईरान के बेहद महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर भारी बमबारी की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि इस द्वीप पर मौजूद सैन्य ठिकाने पूरी तरह ध्वस्त कर दिये गये। हम आपको बता दें कि खार्ग द्वीप ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है क्योंकि इसी द्वीप से देश के करीब नब्बे प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात होता है।

## पंजाब दौरे से पहले अमित शाह का आप पर हमला, बोले-'आप-दा सरकार में कानून व्यवस्था खत्म'

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को पंजाब के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे मोगा जिले में आयोजित एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। पंजाब पहुंचने से पहले उन्होंने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि रिमोट कंट्रोल वाली 'आप-दा सरकार' में राज्य से कानून व्यवस्था और विकास दोनों ही नदारद हैं।

### सोशल मीडिया पर साधा निशाना

अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पंजाब का हर व्यक्ति बदलाव चाहता है। उन्होंने लिखा कि जवानों, किसानों और मेहनतकश लोगों के लिए प्रसिद्ध पंजाब की पवित्र भूमि को 'आप-दा सरकार' ने करप्शन, ड्रग्स और अपराध में डुबो दिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, रिमोट कंट्रोल वाली आप-दा सरकार में पंजाब से लॉ एंड ऑर्डर और विकास नदारद हैं।

### मोगा रैली को लेकर उत्साह

गृह मंत्री ने आगे लिखा कि वह आज मोगा में भाजपा की 'बदलाव रैली' में पंजाब के बहनों-भाइयों से संवाद करने को लेकर उत्साहित हैं। पार्टी नेताओं के अनुसार यह रैली राज्य में बदलाव और नई राजनीतिक दिशा का संदेश देने का मंच बनेगी।



### भाजपा ने बताया रैली का उद्देश्य

भाजपा नेताओं ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह मोगा के किल्ली चहल में आयोजित विशाल 'बदलाव रैली' को संबोधित करेंगे। इस दौरान पार्टी पंजाब को गुंडागर्दी, नशे और बेरोजगारी से मुक्त कर प्रगति के नए रास्ते पर ले जाने का अपना विजन साझा करेगी।

### रैली को लेकर जोरदार तैयारियां

पंजाब में अमित शाह की रैली को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह रैली राज्य में विकास, सुशासन और नई राजनीतिक दिशा का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण मंच साबित होगी।

### बाजारों में फ्लैग मार्च

इससे पहले पंजाब भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ढाका विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च इलाके के कई प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थानों से होकर गुजरा, जहां लोगों को राज्य में बदलाव और विकास का संदेश दिया गया। साथ ही उन्हें किल्ली चहल में आयोजित रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंट सॉल्यूशंस, बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित तथा बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादकः तनुजा पठान* । प्रधान संपादकः राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888) । प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल, फोनः 0141-2796794, 2796795 । ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)